हरिभूमि
रायपुर भूमि

स्टाइपेंड वृद्धि की मांग कर रहे हैं प्रदेश के इंटर्न डॉक्टर
दूसरे जिलों से भी पहुंचे थे बैठक में शामिल होने

वर्तमान में मिलते हैं 15 हजार इसे 30 हजार करने की मांग

बैठक में धमकी! कहा-आपकी फीस बढ़ा दें या हॉस्टल बजट हटा दें? गुस्साए डॉक्टर्स ने किया पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुरुवार को स्टाइपेंड में वृद्धि की मांग कर रहे एमबीबीएस इंटर्न ने पैदल मार्च निकाला। इसके पहले आईएमए प्रतिनिधियों और विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के इंटर्न्स के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य इंटर्न्स की समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान निकालना था, लेकिन यह पूरी तरह से असफल रही। आयुक्त चिकित्सा शिक्षा रितेश अग्रवाल की अध्यक्षता में यह बैठक हुई थी। इंटर्न डॉक्टर्स का आरोप है कि ⏭ शेष पेज 11 पर

प्रशासन ने कहा-गंभीरता से विचार

बैठक के संदर्भ में प्रशासन ने कहा, विभाग की ओर से आश्वासन दिया गया है कि छात्र हित में सरकार द्वारा हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। इंटर्न्स की स्टाइपेंड संबंधी माँग पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष के बजट में प्रायः सभी मेडिकल कॉलेजों में छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल स्वीकृत किए गए हैं, जो छात्रों के लिए एक बड़ी राहत की ⏭ शेष पेज 11 पर

काम के अनुसार सम्मानजनक राशि नहीं

पैदल मार्च मेकाहारा अस्पताल से मुख्यमंत्री निवास तक निकाला गया, जो पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा। गौरतलब है कि वर्तमान में एमबीबीएस इंटर्न को 15,900 रुपए प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। वे इसमें वृद्धि कर 30 हजार करने की मांग कर रहे हैं। इंटर्न डॉक्टर्स का कहना है, वे अस्पतालों में नियमित रूप से मरीजों की देखभाल, इमरजेंसी सेवाओं एवं ⏭ शेष पेज 11 पर

खबर संक्षेप

शहर के सभी थानों के मालखाना हुआ हाईटेक

रायपुर। पुलिस कमिश्नरेट में शामिल सभी 21 थाने गुरुवार से हाईटेक हो गए। गुरुवार को पुलिस कमिश्नर ने टिकरापारा सहित 10 थानों के ई-मालखाने का उद्घाटन किया। बारकोड आधारित ट्रैकिंग प्रणाली से मालखाना प्रबंधन पहले से ज्यादा सुरक्षित, पारदर्शी एवं जवाबदेह हो गया है। जिन 10 थानों के ई-मालखाने का पुलिस कमिश्नर ने उद्घाटन किया, उनमें टिकरापारा, न्यू राजेंद्र नगर, मुजगहन, पुरानी बस्ती, डीडीनगर, आमानाका, आजाद चौक, सरस्वती नगर, डीडीनगर एवं खमतराई थाना शामिल हैं।

17 मुक्तिधामों को अव्यवस्थाओं से मुक्त करने का प्लान फेल, न फंड मिला, न काम हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम के आउटर वार्ड सहित अन्य वार्ड के 17 मुक्तिधाम में व्याप्त अव्यवस्था अब तक दूर नहीं हुई है। मूलभूत सुविधा की कमी से जूझ रहे मुक्तिधाम का सर्वे कर वहां की जरूरत और लोगों की मांग को देखते हुए वार्ड एक्शन प्लान बनाया गया। निगम से इम्पैनल्ड 10 आर्किटेक्ट ने सर्वे कर स्थानीय पार्षद, क्षेत्र के विधायक और महापौर से राय मशविरा के बाद इस तरह के 17 कार्यो का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को भेजा गया। इस कार्य में 11 करोड़ का खर्च अनुमानित है, पर 17 मुक्तिधाम की दशा सुधारने के प्रस्ताव को 8 माह बीतने के बाद ⏭ शेष पेज 11 पर

सोनडोंगरी मुक्तिधाम

उबड़ खाबड़ सड़क और कीचड़ भरे मार्ग में लोग शव का अंतिम संस्कार करने यहां आते हैं। एक अरसे से यहां कटीले झाड़ियों और खरपतवार की सफाई नहीं कराई गई। अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले लोगों के बैठने तक की व्यवस्था यहां नहीं है। इससे लोगों में नगर निगम प्रशासन के प्रति नाराजगी व्याप्त है। मुक्तिधाम में शेड तक नहीं बनाया गया है, यही नहीं पूरे परिसर में लाइट तक नहीं है।

केस 1

सोनडोंगरी मुक्तिधाम
उबड़ खाबड़ सड़क और कीचड़ भरे मार्ग में लोग शव का अंतिम संस्कार करने यहां आते हैं। एक अरसे से यहां कटीले झाड़ियों और खरपतवार की सफाई नहीं कराई गई। अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले लोगों के बैठने तक की व्यवस्था यहां नहीं है। इससे लोगों में नगर निगम प्रशासन के प्रति नाराजगी व्याप्त है। मुक्तिधाम में शेड तक नहीं बनाया गया है, यही नहीं पूरे परिसर में लाइट तक नहीं है। वार्ड पार्षद भगतराम हरवंश का कहना है महापौर,जोन आयुक्त से लेकर निगम आयुक्त को सोनडोंगरी के मुक्तिधाम में व्याप्त अव्यवस्था से अवगत कराया है।

केस 2

कचना का मुक्तिधाम बारिश में लबालब, बैठने तक के लिए व्यवस्था नहीं
नगर निगम जोन 9 के मोतीलाल नेहरू वार्ड स्थित कचना मुक्तिधाम में गंदे पानी के निकासी की व्यवस्था नहीं होने और उससे लगी जमीन पर निजी बिल्डरों द्वारा अतिक्रमण करने से बारिश के समय यहां लबालब पानी भरा रहता है। जोन अध्यक्ष और वार्ड पार्षद गोपेश साहू ने कचना के मुक्तिधाम में जलभराव से होने वाली परेशानी से हाल ही में महापौर मीनल चौबे को अवगत कराया। इसके बाद अस्थायी रूप से नाली बनाकर गंदे पानी के निकासी की व्यवस्था बनाई गई। मुक्तिधाम में शेड और ⏭ शेष पेज 11 पर

केस 3

हीरापुर श्मशान घाट पहुंच मार्ग जर्जर, आने-जाने में दिक्कत
ग्राम पंचायत के समय से बना मुक्तिधाम का उद्धार अब तक नहीं हो पाया है। जरवाय बस्ती और हीरापुर कालोनी व बस्ती के रहवासी इसका उपयोग अरसे से करते रहे हैं। जोन 8 कमिश्नरी के वीर सावरकर वार्ड के हीरापुर श्मशान घाट आने-जाने वाली सड़क बेहद खराब है। पानी, बिजली नहीं है। शेड भी नहीं है। अटारी मुक्तिधाम की कमोबेश यही हालत है, जबकि यह क्षेत्र रायपुर नगर निगम में शामिल है।

शहर में रैली, जुलूस के लिए 7 दिन पहले लेनी होगी अनुमति

सफाई शुल्क हुआ दोगुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में रैली, जुलूस निकालने के लिए निर्धारित आवेदन पर निगम से 7 दिन पहले अनुमति लेनी होगी। आवेदन के साथ 4 विभागों का एनओसी पत्र संलग्न करना आवश्यक है। इसी तरह अब रैली, जुलूस के लिए आयोजन के बाद सफाई व्यवस्था के लिए प्रति आयोजन 500 रुपए के स्थान पर अब 1 हजार रुपए सफाई शुल्क देना होगा। इसके लिए रायपुर नगर निगम ने आदेश जारी कर दिया है।

■ 4 विभागों का एनओसी पत्र जारी करना जरूरी

दरअसल, नगर निगम की एमआईसी में 23 सितंबर 2025 और सामान्य सभा 29 अक्टूबर 2025 के अनुसार शहर में रैली, जुलूस के आयोजन के बाद सफाई शुल्क को ⏭ शेष पेज 13 पर

रैली, प्रदर्शन के लिए 4 विभागों की चाहिए अनुमति

निर्धारित आवेदन प्रारूप के साथ धरना, प्रदर्शन, रैली व अस्थायी संरचना के लिए 4 विभागों अनुविभागीय दंडाधिकारी, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, जिला सेनानी होमगार्ड अग्निशमन विभाग, कार्यपालन अभियंता अथवा सहायक अभियंता विद्युत विभाग का अनापत्ति प्रमाणपत्र साथ में संलग्न करना आवश्यक होगा।

विमान को हाइजैकिंग से बचाने मॉक-ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर संभावित विमान अपहरण जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की समीक्षा के लिए गुरुवार को एयरोड्रोम कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान हवाई अड्डे की वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था, संभावित विमान अपहरण जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न एजेंसियों की भूमिका एवं प्रतिक्रिया तंत्र का विस्तृत आकलन किया गया। साथ ही, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय, त्वरित सूचना आदान-प्रदान, संचार व्यवस्था तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता की समीक्षा की गई। बैठक का आयोजन विमानपत्तन निदेशक ⏭ शेष पेज 13 पर

निर्धारित मानकों का करें पालन

इस अवसर पर एंटी-हाइजैकिंग मॉक एक्सरसाइज भी आयोजित की गई, जिसमें संभावित विमान अपहरण की आपातकालीन स्थिति का सिमुलेशन करते हुए संबंधित एजेंसियों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुसार कार्रवाई एवं समन्वय का अभ्यास किया गया। मॉक एक्सरसाइज के दौरान विभिन्न एजेंसियों की ⏭ शेष पेज 13 पर

जोन कमिश्नर की शिकायत पर पार्षद के खिलाफ कोतवाली में अपराध दर्ज

सफाई कर्मी भुगतान को लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन-8 की आयुक्त राजेश्वरी पटेल ने वीर सावरकर नगर वार्ड के पार्षद संदीप साहू के खिलाफ कोतवाली में गाली-गलौज करने तथा धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है। जोन आयुक्त की शिकायत पर पुलिस ने पार्षद के खिलाफ बीएनएस की धारा 351 (2), 351 (3) तथा 79 के तहत अपराध दर्ज किया है।

जोन आयुक्त द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार सुबह कार्यालयीन समय 11.50 बजे वे निगम मुख्यालय के सभा कक्ष में विज्ञापन संबंधी प्रशिक्षण में थीं, उसी समय उनके मोबाईल पर पार्षद का फोन आया। पार्षद द्वारा उनसे अपने वार्ड के सफाई ठेकेदार कर्मचारी के भुगतान के संबंध में पूछा गया। साथ ही उन्हें अवगत कराया गया कि भुगतान वास्तविक उपस्थिति के आधार पर किया जाएगा। इस पर पार्षद ने जोन आयुक्त से कहा कि संपूर्ण स्वीकृत 38 कर्मचारियों का प्रतिदिन का भुगतान होना चाहिए। पार्षद की इस मांग को जोन आयुक्त ने खारिज कर दिया। आरोप है कि इस बात को ⏭ शेष पेज 13 पर

पार्षद ने लगाए कमीशनखोरी के आरोप

पार्षद संदीप साहू ने जोन आयुक्त के खिलाफ कमीशनखोरी करने के आरोप लगाए हैं। पार्षद के आरोप के अनुसार जोन आयुक्त सफाई कर्मियों के भुगतान के नाम पर ठेकेदारों से कमीशन मांगती हैं। कमीशन नहीं देने पर जोन आयुक्त उनका भुगतान रोक देती हैं। इसकी शिकायत करने पर जोन आयुक्त द्वारा अपने खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज करने के आरोप लगाए हैं।

महापौर, आयुक्त के पास शिकायत के बाद रिपोर्ट

पार्षद द्वारा कथित तौर पर गाली-गलौज तथा धमकी देने के बाद जोन आयुक्त ने निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों को घटना से अवगत कराने के बाद शिकायत करने महापौर मीनल चौबे तथा निगम आयुक्त के पास लिखित में शिकायत की। इसके बाद जोन आयुक्त राजेश्वरी पटेल, पार्षद संदीप साहू के खिलाफ गुरुवार को कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचीं।

आधा दर्जन ओवरलोड ऑटो के खिलाफ कार्रवाई

रायपुर। टाटीबंध क्षेत्र में ऑटो वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर लापरवाहीपूर्वक ऑटो चलाने की शिकायत को डीसीपी ट्रैफिक डॉ. अर्चना झा ने गंभीरता से संज्ञान में लिया। उन्होंने यातायात थाना टाटीबंध क्षेत्र में ऐसे वाहनों की जांच कर यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। डीसीपी के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने आधा दर्जन ऑटो को निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर एवं लापरवाहीपूर्वक संचालित करते हुए पकड़ा। ऑटो चालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही चालकों को समझाइश देते हुए निर्देश दिए गए कि ऑटो में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं।

व्यापार दर्पण
व्यवसाय • उत्पाद • सेवाएं • प्रतिष्ठान

सावन-जन्माष्टमी के लिए विशेष दिव्य वस्त्र

बैजनाथपारा रोड स्थित देव वस्त्र भंडार में सावन एवं जन्माष्टमी पर्व के लिए भगवान के दिव्य वस्त्र एवं श्रृंगार सामग्री की विशेष रेंज उपलब्ध है। यहां सुंदर पोशाक, मुकुट, हार, बांसुरी, मोरपंख, चुनरी, श्रृंगार सामग्री सहित अन्य पूजन सामग्री की आकर्षक वैरायटी मिल रही है। मंदिरों के लिए भी पोशाक एवं श्रृंगार की विशेष सामग्री उपलब्ध है। देव वस्त्र भंडार आर्य समाज मंदिर के बाजू, स्टाइल शॉप के सामने, बैजनाथपारा रोड में स्थित है।

अरुण ट्रेड कंबाइन : किसानों की जरूरतों के अनुरूप कृषि यंत्रों की पूरी रेंज उपलब्ध

रायपुर। कृषि कार्यों को आसान, तेज और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अरुण ट्रेड कंबाइन्स द्वारा किसानों के लिए आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण कृषि यंत्रों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई जा रही है। कृषि यंत्र निर्माण एवं बिक्री के क्षेत्र में अनुभव रखने वाली संस्था किसानों की जरूरत के अनुसार विभिन्न प्रकार के उपकरण उपलब्ध करा रही है। संस्था में अशोका सुपर डीलक्स थ्रेशर साथ 7, 9 और 10 फैन मॉडल उपलब्ध हैं।

इसके अलावा एलीवेटर मॉडल तथा विभिन्न प्रकार के ट्रैक्टर अटैचमेंट भी उपलब्ध हैं। कृषि यंत्रों में कल्टीवेटर, एमबी प्लाऊ, हैरो, रोटावेटर सहित अन्य उपकरण शामिल हैं। वहीं कंस्ट्रक्शन कार्यों के लिए मिक्सर मशीन, व्हील बैरो तथा हाइड्रोलिक मिक्सर मशीन भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

अरुण ट्रेड कंबाइन्स द्वारा किसानों को मजबूत निर्माण, उच्च गुणवत्ता, बेहतर प्रदर्शन, उचित मूल्य और भरोसेमंद सेवा देने पर विशेष जोर दिया जाता है। विज्ञापन के अनुसार कुछ कृषि यंत्रों पर शासन द्वारा उपलब्ध अनुदान तथा आसान फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है।

अरुण ट्रेड कंबाइन्स, माना रोड, देवपुरी, रायपुर में किसानों को कृषि यंत्रों की जानकारी एवं बिक्री सुविधा उपलब्ध है।

हेल्थ केयर व पाइल्स सेंटर में विभिन्न रोगों का उपचार

हेल्थ केयर एवं पाइल्स सेंटर में पाइल्स, फिशर, फिस्टुला सहित मलद्वार से संबंधित विभिन्न बीमारियों का उपचार उपलब्ध है। सेंटर में डॉ. एस.ए. वाहिद एवं डॉ. नेहा मरीजों को उपचार एवं परामर्श प्रदान कर रहे हैं। यहां अत्याधुनिक लेजर पाइल्स चिकित्सा, दूरबीन द्वारा विशेष जांच, क्षारसूत्र चिकित्सा, डे-केयर चिकित्सा, महिला चिकित्सा सहित दवाइयों से दर्द रहित उपचार की सुविधा उपलब्ध है। सेंटर पर अत्याधुनिक लेजर चिकित्सा एवं इंश्योरेंस क्लेम की सुविधा भी उपलब्ध है। हेल्थ केयर एवं पाइल्स सेंटर के झंडा चौक, पंडरी तथा राजातालाब सब्जी मार्केट के पास और बालगोपाल हॉस्पिटल के सामने, बैरन बाजार स्थित सेंटर पर संपर्क किया जा सकता है।

बग्गा एजेंसी में उपलब्ध हैं नामी कंपनियों के पंखे

सिंधी बाजार स्थित बग्गा एजेंसी में गर्मी को देखते हुए विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के आकर्षक एवं आधुनिक पंखों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है।

एजेंसी पर ओरिएंट इलेक्ट्रिक, क्रॉम्पटन, उषा, हैवेल्स और एटमबर्ग के पंखे मिल रहे हैं। बेहतर डिजाइन, शानदार प्रदर्शन और ऊर्जा दक्षता वाले इन पंखों से ग्राहक अपनी आवश्यकता के अनुसार मॉडल का चयन कर सकते हैं। ग्राहक द्वारा अधिकृत डीलर- बग्गा एजेंसी, रुखमणी भवन में संपर्क किया जा सकता है।

रायपुर में केक ओ'क्लॉक का विशेष बेकिंग कोर्स

रायपुर में बेकिंग सीखने के इच्छुक लोगों के लिए Cake O'Clock Training Institute द्वारा विशेष बेकिंग कोर्स संचालित किया जा रहा है। यह छत्तीसगढ़ का पहला प्रमाणित बेकिंग संस्थान है, जहां विभिन्न प्रकार के केक एवं बेकरी उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। कोर्स में ड्राई केक, ट्रैवल केक, ब्राउनी, कपकेक, गार्निशिंग के साथ आइसिंग केक, कुकीज, ब्रेड, आर्टिजन ब्रेड, डेजर्ट इन जार, डोनट्स, पिज्जा, क्रॉसांट और डेनिश पेस्ट्री आदि बनाना सिखाया जाता है। संस्थान का उद्देश्य प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर बेकिंग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है।

अमानत बेकरी में स्वाद और गुणवत्ता का भरोसा

रायपुर। स्वादिष्ट एवं ताजे केक, बेकरी उत्पाद और पेस्ट्री के लिए अमानत बेकरी ग्राहकों के बीच अपनी खास पहचान बना रही है। यहां आकर्षक डिजाइन और बेहतरीन स्वाद वाले विभिन्न प्रकार के केक तैयार किए जाते हैं।

अमानत बेकरी में स्पेशल प्योर एगलेस केक एवं पेस्ट्री उपलब्ध हैं। जन्मदिन, सालगिरह और अन्य खास मौकों के लिए पसंद के अनुसार आकर्षक केक भी तैयार किए जाते हैं। गुणवत्तापूर्ण सामग्री और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए उत्पाद तैयार किए जाते हैं। अमानत बेकरी, रायपुर में पारस कॉलोनी के सामने, पुराना धमतरी रोड, टिकरापारा में स्थित है।

इंडस्ट्रियल व कमर्शियल कूलिंग के लिए सुप्रीम इंजीनियरिंग

सुप्रीम इंजीनियरिंग द्वारा इंडस्ट्रियल एवं कमर्शियल उपयोग के लिए ब्लू स्टार के अत्याधुनिक कूलिंग सॉल्यूशन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यहां ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार कस्टमाइज्ड एयर कंडीशनिंग एवं कूलिंग समाधान मिलते हैं। प्रतिष्ठान पर VRF सिस्टम, एयर कंडीशनर, आइस क्यूब मशीन, डीप फ्रीजर, बॉटल कूलर, टेलियन, वॉटर डिस्पेंसर, वॉटर कूलर, कोल्ड रूम एवं रिपनिंग चैंबर सहित विभिन्न प्रकार के उपकरण उपलब्ध हैं। औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए उपयुक्त कूलिंग सिस्टम के चयन, आपूर्ति एवं समाधान हेतु सुप्रीम इंजीनियरिंग से संपर्क किया जा सकता है।

खबर संक्षेप

कोई नारी डायन-टोनही नहीं : डॉ. मिश्र

रायपुर। अंधविश्वास, पाखंड व सामाजिक कुरीतियों के निर्मूलन के लिए कार्यरत संस्था अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा हरियाली के प्रतीक हरेली अमावस्या की रात को ग्रामीणजनों के मन से टोनही, भूत-प्रेत का खौफ हटाने के लिए समिति ने गांवों में रात्रि भ्रमण कर ग्रामीणजनों से संपर्क किया। समिति के दल ने रात्रि 11 बजे से मध्यरात्रि 3 बजे तक मुजगहन, कांदुल, दतरेंगा, काठाडीह, बोरिया, उफरा, खुड़मुड़ी, मोहदा, कपसदा, झीट, अम्लेश्वर आदि ग्रामों का दौरा किया। रात्रि में महादेवघाट, नदी तट, तालाब, श्मशानघाट पर भी गए। कहीं कहीं ग्रामीणों ने जादू-टोना, झाड़फूंक पर विश्वास होने की बात स्वीकार की, लेकिन किसी ने भी कोई अविश्वसनीय चमत्कारिक घटना की जानकारी नहीं दी। समिति के दल में शामिल डॉ. दिनेश मिश्र, डॉ. शैलेश जाधव, ज्ञानचंद विश्वकर्मा, डॉ. प्रवीण देवांगन, प्रियांशु पांडे ने अनेक ग्रामीणों से चर्चा की, किताबें भेंट की।

बिरयानी में मिला कलर नष्ट करवाया गया भोजन

रायपुर। खाद्य विभाग ने रेलवे स्टेशन के पास स्थित मेसर्स आरजे राजस्थानी थाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फर्म में साफ-सफाई नहीं पाए जाने के कारण मौके पर ही पाई गई कमियों को दूर करने के लिए सुधार सूचना जारी किया गया। मेसर्स न्यू सागर बिरयानी बिना खाद्य पंजीयन के संचालित हो रहा था। साथ ही परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई नहीं पाए जाने के कारण मौके पर ही नोटिस दे कर फर्म को बंद कराया गया। निरंतर कार्यवाही जारी है। साथ ही फर्म न्यू एवं बिरयानी सेंटर में अवसान तिथि की पंजीयन पाए जाने एवं फर्म में उचित साफ सफाई नहीं होने के कारण फर्म को बंद कराया गया तथा चिकन बिरयानी में कलर पाए जाने के कारण मौके पर ही नष्ट कराया गया।

निधन

मनोज गायकवाड़

रायपुर। कचना निवासी मनोज गायकवाड़ (56) का 13 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. प्रभाकर गायकवाड़ के पुत्र, अंजना गायकवाड़ के पति, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद गायकवाड़ और मनीषा गायकवाड़ के भाई तथा पीहू के पिता थे।

विजय लाल सोनी

रायपुर। खरियार रोड, महावीर चौक निवासी विजय लाल सोनी का 12 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 अगस्त को मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनील, संजय कुमार, उमेश के पिता एवं शंकरलाल, पारसमल, बंशीलाल त्रिलोकचंद, रविंद्र सोनी के भाई थे।

जीवनलाल नायक

रायपुर। मठपारा बजरंग चौक निवासी सेवानिवृत्त प्रधान पाठक जीवनलाल नायक (83) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 अगस्त को सुबह 10 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे कमल नारायण, सत्यनारायण, रामनारायण, प्रेमनारायण, ओमनारायण, लक्ष्मी नायक के पिता एवं महामाया मंदिर वार्ड पार्षद जयश्री नायक के ससुर थे।

बसंता टेंभेकर

रायपुर। डीडी नगर निवासी बसंता टेंभेकर का 13 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 अगस्त को दोपहर 12 बजे महादेव घाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अनिल टेंभेकर की माता थीं।

शुरू होगा प्लास्टिक बैंक, नगर निगम बिसलेरी के साथ 6 जगह लाएगा प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में प्लास्टिक कचरे को सड़क, नाली और लैंडफिल तक जाने से रोकने के लिए नगर निगम तैयारी कर रहा है। इसके लिए बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर बॉटल्स फार चेंज पहल शुरू की जा रही है। इसके तहत राजधानी के 6 स्थानों पर प्लास्टिक बैंक बनाए जाएंगे, जहां लोग अपना प्लास्टिक कचरा जमा कर सकेंगे। रायपुर नगर निगम के मुताबिक शहर में 6 जगहों पर प्लास्टिक बैंक बनाए जाएंगे। इनमें नगर निगम मुख्यालय, आजाद चौक, बूढ़ातालाब स्थित शीतला मंदिर के पास, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के बाहर, जीई रोड स्थित अनुपम गार्डन और महादेवघाट शामिल हैं।

इन प्लास्टिक बैंक में जमा कचरे को दूसरे कचरे से अलग रखा जाएगा। इसके बाद इसे रीसाइकिलिंग के लिए भेजा जाएगा। महापौर मीनल चौबे ने प्लास्टिक कचरे की रीसाइकिल को बढ़ावा देने गुरुवार को बॉटल्स फॉर चेंज पहल का शुभारंभ किया।

शहर में आधा दर्जन जगहों पर जमा होगा प्लास्टिक कचरा, बनेगी रीसाइकिल बेंच

46 हजार बोतलों से बनेगी बेंच

अभियान के अंतर्गत बिसलेरी द्वारा करीब 46 हजार बोतलों को इकट्ठा किया जाएगा, बाद में इन बोतलों को रीसाइकिल कर एक बेंच तैयार की जाएगी। यह बेंच नगर निगम को निःशुल्क दी जाएगी। यह गतिविधि प्लास्टिक कचरे के रीसाइकिल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति नागरिकों को प्रेरित करेगी। इस पहल के अगले चरण में आवासीय कालोनियों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, हॉटल और रेस्टारेंट तथा अन्य थोक कचरा उत्पादकों से प्लास्टिक कचरे को संग्रहित कर उसे उचित चैनल के माध्यम से रीसाइकिल के लिए भेजा जाएगा।

सीसीआई यंग इंडियंस भी साझेदार

प्लास्टिक कचरे को दोबारा उपयोगी बनाने के लिए यह पहल बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की सीएसआर पहल के तहत यंग इंडियंस और सीआईआई रायपुर चेप्टर के सहयोग से शुरू की गई है। कार्यक्रम में नगर निगम के अपर आयुक्त विनोद पांडे, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता योगेश कडू, उप अभियंता कृष्णा राठी, संस्कार शर्मा, एसडब्लूएम विशेषज्ञ प्रमित चोपड़ा, बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की सीएसआर टीम से बाला साईदाबाबू एवं संतोष कुमार साहू तथा यंग इंडियंस, सीआईआई रायपुर चैप्टर की ओर से अदिति, शाहिद एवं दीपेन उपस्थित रहे।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने शहर के एंट्री-एग्जिट पाइंट पर 24 घंटे नाकेबंदी

स्वतंत्रता दिवस को लेकर बढ़ी चौकसी, आठ सौ जवान सुरक्षा ड्यूटी में तैनात, ड्रोन से निगरानी भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वतंत्रता दिवस को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कमिश्नरेट के तीनों जोन में विशेष सुरक्षा एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर असामाजिक तत्व किसी भी प्रकार का विघ्न उत्पन्न न करें, इस बात को ध्यान में रखते हुए असामाजिक तत्वों की धरपकड़ तेज कर दी गई है। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में अभियान चलाकर अपराधिक तत्वों की निगरानी करने के साथ उनकी धरपकड़ तेज कर दी गई है। जेल से जमानत पर छूटने वाले बदमाशों की जानकारी लेकर उन्हें थाने बुलाकर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं करने की हिदायत दी गई है।

एंट्री-एग्जिट पाइंट पर 24 घंटे नाकेबंदी

संवेदनशील मार्गों पर पैदल गश्त की व्यवस्था

परेड की ड्रोन से निगरानी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइंस में आयोजित होने वाली परेड की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस परेड ग्राउंड तथा आसपास के सटे इलाकों में चार सौ पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही पुलिस ग्राउंड तथा उससे सटे इलाकों की ड्रोन से निगरानी की जाएगी। भीड़ वाले तथा व्यस्त इलाकों की जांच बढ़ा दी गई है। पुलिस द्वारा लोगों से सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु अथवा गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने अपील की गई है।

ऐसी रहेगी पार्किंग व्यवस्था

पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ध्वजारोहण करेंगे तथा उनके द्वारा परेड की सलामी ली जाएगी। समारोह में प्रदेशभर से आमंत्रित विशिष्ट अतिथि, वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, प्रतिभागी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों के उपस्थित होने की संभावना को देखते हुए यातायात पुलिस रायपुर द्वारा सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात संचालन के लिए मार्ग, डायवर्सन एवं पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की गई है, जो इस तरह रहेगी।

लाल कार पासधारी वाहन

लाल वाहन पासधारी आमंत्रित अतिथि पीडब्लीडी चौक, छत्तीसगढ़ कॉलेज, कुंदन पैलेस, पीडब्लूडी कॉलोनी, एमटी वर्क्स शॉप गेट, वायरलेस ऑफिस के सामने से होते हुए मंच के पीछे वीआईपी पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे।

हरा कार पासधारी वाहन

हरा वाहन पासधारी अतिथि पीडब्लीडी चौक, छत्तीसगढ़ कॉलेज, कुंदन पैलेस,आरआई गेट चौक होते हुए सेंट पॉल स्कूल पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे।

बिना पास वाले वाहन

बिना कार पास वाले वाहन चालकों के लिए सेंट पॉल स्कूल ग्राउंड में पार्किंग व्यवस्था की गई है। वाहन पार्क करने के बाद वाहन चालक एवं दर्शक आरआई गेट से पैदल पुलिस लाइन में प्रवेश कर दर्शक दीर्घा तक पहुंचेंगे।

स्कूल बसों की व्यवस्था

परेड ग्राउंड में छात्र-छात्राओं एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिभागियों को लेकर आने वाली स्कूल बसें पुलिस लाइन के पिछला गेट (धमतरी गेट) से प्रवेश करेंगी। हेलीपेड के पास छात्र-छात्राओं को उतारने के बाद बसों को स्केटिंग ग्राउंड के पास निर्धारित पार्किंग स्थल पर पार्क किया जाएगा।

व्यावसायिक परिसरों में की सीलबंदी

बकाया करों का भुगतान नहीं, 4 बकायादारों के नल कनेक्शन काटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन 9 राजस्व टीम ने रहेजा स्काई स्कैप्स रेसीडेंसियल सहकारी संस्था द्वारा 3 लाख रुपए से अधिक की बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर पर बल्क में नल कनेक्शन विच्छेद कर दिया गया। बकायरदार रहेजा स्काई स्कैप्स रेसीडेंसियल सहकारी संस्था पर एक अन्य प्रकरण में 4,74,026 रुपए का बकाया भुगतान नहीं करने पर वहां भी बल्क में नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई की गई।

वार्ड 8 क्षेत्र में कीर्ति नचरानी द्वारा 1,लाख रुपए से अधिक की बकाया राशि भुगतान में कोताही बरतने पर संबंधित का व्यावसायिक परिसर को सीलबंद कर दिया गया। बकायादार पवन कुमार अग्रवाल द्वारा बकाया राशि की अदायगी नहीं करने पर व्यावसायिक परिसर में ताला लगाकर सीलबंदी की गई। इसी प्रकार नगर निगम जोन 7 राजस्व विभाग द्वारा जोन कमिश्नर डॉ. तृप्ति पाणीग्रही के मार्गदर्शन में पंडित ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड के आमानाका क्षेत्र में वर्ष 2022-23 से 1,0,5676 रुपए के बकायादार मोहम्मद हुसैन द्वारा नगर निगम की बकाया राशि अदा ना करने पर स्थल पर संबंधित व्यावसायिक परिसर में ताला लगाकर सीलबंदी की गई।

पेज 09 के शेष

बैठक में धमकी! कहा...

बैठक में उनकी मांगों पर समाधान की चर्चा करने के बजाय उन्हें फीस और कॉलेज के बजट को लेकर दबाव एवं धमकी जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा। प्रतिनिधियों के अनुसार, बैठक में यह सवाल किया गया कि "आपकी फीस कई समय से नहीं बढ़ाई गई है, क्या उसे बढ़ा दिया जाए?" तथा यह भी कहा गया कि "क्या मैं कॉलेजों का हॉस्टल बजट हटा दूं आपके स्टाइपेंड के लिए? क्या आप लोग यही चाहते हैं कि दूसरे राज्य से स्टूडेंट्स यहां पढ़ने के लिए नहीं आए? इंटर्न डॉक्टरों का कहना है कि इस तरह की बातें उनकी वास्तविक मांग को समझने और समाधान करने के बजाय उन्हें दबाव में लेने जैसी प्रतीत हुईं।

प्रशासन ने कहा-गंभीरता...

खबर है। बैठक में पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर के इंटर्न्स उपस्थित रहे।

काम के अनुसार सम्मानजनक...

स्वास्थ्य व्यवस्था में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। हम किसी कॉलेज सुविधा को बंद करवाने या छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने की मांग नहीं कर रहे हैं। हमारी मांग है कि सरकार अपने बजट और नीतिगत स्तर पर ऐसा समाधान निकाले जिससे इंटर्न डॉक्टरों को उनके काम, जिम्मेदारियों और बढ़ती महंगाई के अनुरूप सम्मानजनक स्टाइपेंड मिल सके।

17 मुक्तिधामों को...

भी शासन से स्वीकृति नहीं मिल पाई है। यही वजह है कि इन मुक्तिधामों की दशा सुधारने टेंडर नहीं हो पाया। दरअसल, रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में दिवंगतों के अंतिम संस्कार के लिए बनाए गए मुक्तिधाम की व्यवस्था में सुधार नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है। आउटर के वार्ड में इससे भी ज्यादा बदतर स्थिति देखने को मिल रही है। अटारी, हीरापुर, सोनडोंगरी, कचना, आमासिवनी, दिशा कालेज के पास स्थित रामनगर के मुक्तिधाम और गोंदवारा मुक्तिधाम की कमोबेश यही हालत है, जहां नगर निगम झांकने तक नहीं आया। हरिभूमि की एक रिपोर्ट : इन 17 मुक्तिधाम की दशा सुधारने बना था वार्ड एक्शन प्लान, जोन 1 कविलाश नगर मुक्तिधाम जीर्णोद्धार 1 करोड़ 39 लाख रुपए, जोन 2 मौदहापारा कब्रिस्तान जीर्णोद्धार कार्य 49.98 लाख रुपए, मौदहापारा कब्रिस्तान क्रमांक 2 जीर्णोद्धार कार्य 48.10 लाख रुपए, देवेंद्र नगर मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य 49.98 लाख रुपए, जोन 3 कुष्ठ बस्ती मुक्तिधाम में आवश्यक कार्य 48.85 लाख रुपए, मारवाड़ी मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार 27.22 लाख रुपए, चंद्रशेखर आजाद वार्ड मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य सवा करोड़ रुपए, शहीद पंकज विक्रम वार्ड क्रिश्चयन कब्रिस्तान जीर्णोद्धार कार्य 75 लाख रुपए , पारसी कब्रिस्तान की जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य 75 लाख रुपए, भाठागांव मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण 75 लाख रुपए, रामनगर मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार कार्य 49.45 लाख रुपए, महादेवघाट में मुक्तिधाम विकास कार्य 28.97 लाख रुपए, कचना मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार कार्य 1 करोड़ 23 लाख रुपए, देवपुरी मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य 52.48 लाख रुपए , डूमरतराई मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य 84.75 लाख रुपए, अमलीडीह मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य 31.79 लाख रुपए, पुरैना मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार कार्य 46.66 लाख रुपए

कचना का मुक्तिधाम बारिश....

लाइट की व्यवस्था नही होने से यहां आने वालों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी तरह आमासिवनी गांव का मुक्तिधाम अव्यवस्था के चलते चर्चा में है। जगह-जगह गड्ढे हो गए है। लोगों के लिए धूप से बचने और बारिश में सिर छिपाने शेड नही है। हालत ये है कि यहां बिजली और पानी की सुविधा भी अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। वार्ड पार्षद का कहना है इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भिजवाया, पर जोन में फाइल डंप है।

शहर में रैली, जुलूस के...

दोगुना कर दिया गया है। पूर्व में आयोजकों से प्रति आयोजन सफाई के एवज में 500 रुपए शुल्क लिया जाता था, जिसे बढ़ाकर अब 1 हजार रुपए प्रति आयोजन निर्धारित कर दिया गया है। नगरीय प्रशासन विकास विभाग के निर्देश पर निगम क्षेत्र में रायपुर नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा को सार्वजनिक खेल मैदान आयोजन, पंडाल, अस्थायी संरचना के लिए रैली, जुलूस की अनुमति के लिए अधिकृत किया गया है। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने राज्य शासन के निर्देशों के पालन के लिए नगर निगम क्षेत्र में सार्वजनिक खेल मैदान, आयोजन, पंडाल, अस्थायी संरचना के संबंधित कार्य के लिए संबंधित क्षेत्र के जोन आयुक्त को अधिकृत कर दिया है। कोई भी व्यक्ति, संस्था नगर निगम रायपुर क्षेत्र में इस तरह के आयोजन के लिए जोन कमिश्नर कार्यालय में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते हैं।

विमान को हाइजैकिंग से बचाने...

किशोर लहरे द्वारा किया गया। अध्यक्षता गृह सचिव नेहा चंपावत ने की। बैठक में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, स्थानीय पुलिस प्रशासन, एयरलाइंस प्रतिनिधियों सहित विभिन्न संबंधित विभागों एवं सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

निर्धारित मानकों का करें...

प्रतिक्रिया, संचार एवं समन्वय व्यवस्था का परीक्षण किया गया तथा सामने आई कमियों एवं सुधार के संभावित क्षेत्रों का भी आकलन किया गया। सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि हवाई अड्डे पर निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा सभी एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय को और अधिक सुदृढ़ किया जाए।

जोन कमिश्नर की शिकायत...

लेकर पार्षद नाराज हो गया और उसने जोन आयुक्त के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

जोन आयुक्त बोलीं आरोप बेबुनियाद: जोन आयुक्त ने पार्षद के आरोप को बेबुनियाद करार देते हुए कहा कि नए नियम के अनुसार जितने सफाई कर्मियों की उपस्थिति रहेगी, उतने सफाई कर्मियों को भुगतान किया जाएगा। इस पर पार्षद उन पर सभी सफाई कर्मियों का भुगतान करने का दबाव बना रहे थे। इनकार करने पर आयुक्त ने पार्षद के खिलाफ गाली-गलौज करने तथा धमकी देने का आरोप लगाया है।

सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

रायपुर। सुरक्षित भवः फाउंडेशन रायपुर द्वारा हीरा फेरो अलॉय लिमिटेड उरला में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं रक्षा-सुरक्षा सेफ्टी एंजेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन तथा सुरक्षित जीवनशैली को लेकर कर्मचारियों को जागरूक किया गया। सुरक्षित भवः फाउंडेशन की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. निधि अग्रवाल ने उपस्थित सभी अतिथियों, हीरा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा सुरक्षित भवः फाउंडेशन के सदस्यों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके पश्चात एसीपी ट्रैफिक विभाग रायपुर सतीश ठाकुर ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा राहवीरों को सम्मान में 25000 की राशि गुड सेमेटेरियन के रूप में प्रदान की जाती है और सभी कर्मचारियों से स्वयं जागरूक बनने तथा दूसरों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति प्रेरित करने का आव्हान किया। डायरेक्टर अजय दुबे ने सड़क सुरक्षा को महत्व देते हुए, ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया। इसके पश्चात सुरक्षित भवः फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. संदीप धुप्पड़, सुरक्षित भवः फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ. केशव राव, रोड सेफ्टी क्लब के अध्यक्ष इकबाल खान, स्वास्थ्य मित्र अतुल साहू आदि ने अपना संबोधन दिया। हीरा फेरो एलॉयज के वॉयस प्रेसीडेंट सीएस वर्मा, कॉर्पोरेट के हेड निकेत खण्डेलवाल, एचआर अभय खंडेलवाल एवं 250 लोग सहित कार्यक्रम में उपस्थित थे। ट्रैफिक टीचर टीके भोई ने ट्रैफिक सिगनल के बारे में जानकारी दी।

न्यायालयः- बी.आर. साहू, जिला एवं सत्र न्यायाधीश गरियाबंद, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

// ईश्तहार सूचना //

प्रो.क्र. 747/2026, मोटर दु.दावा प्रकरण क्र. 53/2021
पेशी दिनांक-25.08.2026

डोमेश्वर कंवर पिता मंशाराम कंवर, उम्र24 वर्ष, निवासी ग्राम खुड़सा, थाना फिंगेश्वर, तहसील राजिम, जिला-गरियाबंद, छ.ग. ....**आवेदक/वादी**

विरुद्ध

मेसर्स इन्फ्राटेक प्राईवेट लिमिटेड, पता 204 द्वितीय मंजिल ब्लाक सी वरण अपार्टमेंट अमलीडीह, रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. ....**अनावेदक/प्रतिवादी**

1. यह कि वादीनी/ आवेदक/ पक्षकार का नाम ऊपर दर्शाये अनुसार है।
2. यह कि उपरोक्त प्रकरण में माननीय न्यायालय के समक्ष अनावेदक की उपस्थिति हेतु नियत है।
3. 03. यह कि आवेदक द्वारा अनावेदक के वर्तमान पता सम्यक रूप से पता करने पर पता नहीं चल रहा है कि वर्तमान में अनावेदक कहां है ऐसी स्थिति में अनावेदकगण के उपस्थिति सुनिश्चित नहीं हो रहा है और प्रकरण की सुनवाई में विलंब हो रहा है।
4. अतः अनावेदक/प्रतिवादी को ईश्तहार प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.08.2026 को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में की जावेगी। यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस पर की जावेगी।

आज दिनांक 10.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान-गरियाबंद छ. ग.
दिनांकः 10.08.2026
मुहर

(बी.आर. साहू)
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण गरियाबंद (छ.ग.)

:: उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु ::
(आदेश - 5, नियम - 20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)

न्यायालयः- कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.

उत्तराधिकार प्र.क्र.- 112/2026, प्रो.क्र. 554/26
पेशी तारीख 03.09.2026

सागर साहू व अन्य .... आवेदकगण

बनाम

आम जनता व अन्य ...... अनावेदकगण

प्रति,

आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण

जो कि आवेदकगण की मृतिका माता स्व० श्रीमती बिमला साहू के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 03.09.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है ।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेंगा।

नोटः- यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 11.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 11.08.2026
मुहर

(कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा)
षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रायपुर छ.ग.

// आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-34 में मुख्यमंत्री सह प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत एल.आई.जी. प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- SEC-34/2nd F. BL-06/216 को श्रीमति संतोषी कुर्रे एवं श्री गेंदलाल कुर्रे निवासः - मकान नं. एम. 952, आदर्श नगर पोस्ट - कुसुममुण्डा, जिला कोरबा (छ.ग.) के नाम पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद मे राशि रू. 8,50,000/- जमा किया गया है। रजिस्ट्री एवं आधिपत्य की कार्यवाही शेष है। श्री गेंदलाल कुर्रे की मृत्यु दिनांक 17.04.2023 को हो गया है। श्रीमति संतोषी कुर्रे पति स्व. श्री गेंदलाल कुर्रे ने अपने पति स्व. श्री गेंदलाल कुर्रे की मृत्यु होने के उपरांत उक्त प्रकोष्ठ भवन को अपने नाम पर यथावत् रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथपत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। मूल आबंटी श्रीमती संतोषी कुर्रे द्वारा शपथपत्र के बिंदु क्रमांक 03 में स्व. श्री गेंदलाल कुर्रे के विधिक वारिसान 1. स्वयं, 2. रजनी कुर्रे (पुत्री), 3. राहुल कुर्रे (पुत्र), 4. संजय कुर्रे (पुत्र) है, इनके अलावा अन्य विधिक वारिसान नही है, की जानकारी दी गई है।

उक्त प्रकोष्ठ भवन को श्रीमति संतोषी कुर्रे पति स्व. श्री गेंदलाल कुर्रे के नाम पर यथावत् रखने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र
नवा रायपुर अटल नगर

न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव

मामले की श्रेणीः राजस्व

संदर्भः- जिला - **रायपुर** तहसील- **धरसीवा** प.ह.न. **00014 नेउरडीह** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **RD202526440718000006**

// ईश्तहार //

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00014 के अंतर्गत ग्राम नेउरडीह के वर्तमान भूमिस्वामी मंगलू पिता/पति-हीरामन सतनामी पता-सा.देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 136/1 (0.0730), 136/2 (0.2000), 115/1 (0.3600) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता तेजेश्वरी कुर्रे पिता/पति-मंगलूराम कुर्रे पता- सा.देह,बसंत कुर्रे पिता/पति-मंगलूराम कुर्रे पता-सा.देह, रूखमणी कुर्रे पिता/पति-मंगलूराम कुर्रे पता-सा.देह, सुशीला कुर्रे पिता/पति-मंगलूराम कुर्रे पता-सा.देह, यशवंत कुर्रे पिता/पति-मंगलूराम कुर्रे पता-सा.देह, दीप्ती कुर्रे पिता/पति-मंगलूराम कुर्रे पता-सा.देह के नाम पर पंजीयन /फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक19/08/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.07.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदारः-
Ashok Kumar Janghel
तहसील- धरसीवा

सिलतरा में गूंजा देशभक्ति का नारा, लोगों ने तिरंगे के साथ मनाया उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ से ठीक दो दिन पूर्व पूरा क्षेत्र तिरंगे के रंग और देशभक्ति के अटूट उत्साह में सराबोर हो गया। सिलतरा स्थित प्रतिष्ठित अंबेडकर चौक से एक विशाल एवं भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ, जो क्षेत्र के एक दर्जन से भी अधिक ग्रामीण इलाकों से गुजरती हुई सिलयारी पहुंचकर संपन्न हुई। इस विशाल जनसैलाब और तिरंगा यात्रा का नेतृत्व धरसींवां क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अनुज शर्मा ने खुली जीप में सवार होकर किया। धरसींवा भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश यादव के आह्वान पर अंबेडकर चौक पर सुबह से ही कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों का जमावड़ा शुरू हो गया था। जैसे ही विधायक अनुज शर्मा खुली जीप में सवार होकर पहुंचे, भारत माता के जयकारों और वंदे मातरम के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस यात्रा में देशभक्ति का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला, जहां 300 से अधिक मोटरसाइकिल और दर्जनों चार पहिया वाहनों में सवार होकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और आम जन हाथों में तिरंगा थामे आगे बढ़ रहे थे। यात्रा के दौरान डीजे और गाजे-बाजे पर बजते देशभक्ति गीतों ने हर किसी के दिल में राष्ट्रप्रेम की अलख जगा दी।यह विशाल यात्रा सिलतरा से रवाना होकर चरौदा, धरसींवा, नगर पंचायत कुंरा,देवरी,मनहोरा,मलोद,कुथरेल सहित दर्जन से अधिक गांवों से गुजरते हुए सिलयारी पहुंची। यात्रा का मार्ग जिस भी गांव से होकर गुजरा, वहां के ग्रामीणों ने अभूतपूर्व उत्साह का परिचय दिया। हर गांव में तिरंगा यात्रियों का स्वागत आतिशबाजी, पुष्पवर्षा और ढोल-नगाड़ों की थाप पर भव्य तरीके से किया गया। बुजुर्गों ने हाथ जोड़कर तो युवाओं ने नारों के साथ यात्रा का अभिवादन किया।

तिरंगा यात्रा निकाली सिलतरा में गूंजे देशभक्ति गीतों के तराने, ग्रामीणों में उत्साह

उपस्तिथ रहे

भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुंतला सेन, बिधान सभा मण्डल अध्यक्ष सुनील शर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मो युनुष, नगर पंचायत कुंरा अध्यक्ष गोविंद साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण साहू, रूखमणी शिवारे, कौशिल्या साहू, महामंत्री दिलीप साहू, मण्डल उपाध्यक्ष कौशल साहू, योगेश साहू,मोहन प्रजापति,विद्या भूषण वर्मा, रेमन पाल, जितेंद्र पांडेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

शहीदों के बलिदान से सिंचित यह तिरंगा हमारी शान है, अनुज शर्मा

इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि सिलयारी में उमड़ा यह जनसैलाब केवल एक यात्रा का समापन नहीं, बल्कि हमारी अखंडता, एकता और राष्ट्रप्रेम का उद्घोष है। यह तिरंगा केवल तीन रंगों का कपड़ा नहीं, हमारे अमर शहीदों के त्याग और बलिदान की गाथा है, जिनकी बदौलत आज हम आजाद फिजाओं में सांस ले रहे हैं। मेरे युवा साथियों, राष्ट्रभक्ति केवल 15 अगस्त या 26 जनवरी का उत्सव नहीं, बल्कि हर दिन ईमानदारी, अनुशासन और निस्वार्थ समाज सेवा से देश को गढ़ने का संकल्प है। जब हम गांव, हमारा क्षेत्र और हमारा हर नागरिक सजग व समृद्ध होगा, तभी भारत दुनिया का नेतृत्व करेगा। आइए, 'हर घर तिरंगा' के इस पावन अभियान से जुडकर अपनी भावी पीढ़ियों को भारत के स्वर्णिम इतिहास से जोड़ें और देश को उन्नति के शिखर पर ले जाने का संकल्प लें।

खबर संक्षेप

1994 बैच के छात्रों ने किया पौधारोपण

मंदिर हसौद। 15 अगस्त 2026 राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 13 अगस्त को पीएम श्री अनन्त राम बरछिहा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चन्दखुरी विकास खंड आरंग में एलूमनी मीट के अन्तर्गत कक्षा 12 वीं 1994 बैच के भूतपूर्व जागरूक छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने एवं विद्यालय के वर्तमान छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए पर्यावरण की संरक्षण के लिए पौधारोपण एवं नया गार्डन निर्माण सुसज्जित बागवानी का अधोसंरचना के साथ स्कूल परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए शालेय परिवार तथा छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर प्रयास किया गया। इस पुनीत कार्य में विद्यालय के प्राचार्य कमलेश्वरी साहू, विजय डहरिया, के.पी.साहू, अनन्या राऊत, वंदना भाटिया, सुभम वर्मा, नीलकंठ चन्द्रवंशी, शिवानी गुप्ता, समिधा देशपांडे, एवं समस्त शालेय परिवार तथा छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया।

देशभक्ति के रंगों में रंगा क्षेत्र

आरंग। घर घर तिरंगा अभियान के तहत गुरुवार को सीआरपीएफ कैंप भिलाई के उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह के दिशानिर्देश में कमांडेंट आशीष यादव, उप कमांडेंट अजय सिंह, सहायक कमांडेंट मोहम्मद जावेद, प्रभाकर प्रसाद सिंह, डॉ. किरण कुमार इत्यादि द्वारा विशाल तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में सैकड़ों सीआरपीएफ जवानों और अधिकारियों ने बाइकों पर तिरंगा फहराकर देशभक्ति का संदेश दिया। बाइकों पर लगे तिरंगे और जवानों के जोशीले नारों से पूरा क्षेत्र तिरंगामय हो गया। तिरंगा रैली का शुभारंभ मोंटेशरी स्कूल सीआरपीएफ कैंप भिलाई से हुआ। यहां से रैली शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा पहुंची। जहां बच्चों, शिक्षकों व ग्रामीणों ने जवानों का गर्मजोशी के साथ स्वागत-अभिनंदन किया। जवानों के पहुंचते ही बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। बैंड-बाजे पर बजते देशभक्ति गीत एवं सामूहिक वंदे मातरम् गायन बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे।

प्रशासन के इश्तहार से मामले का खुलासा होते ही किसानों का फूटा गुस्सा

उद्योगों के लिए ग्राम लखौली की भूमि के अधिग्रहण की आहट पर किसान भड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

तहसील आरंग के अंतर्गत आने वाले ग्राम लखौली में 35 खसरों की कुल 11.44 हेक्टेयर उपजाऊ निजी कृषि भूमि को औद्योगिक प्रयोजन के लिए अधिग्रहित करने की प्रशासनिक सुगबुगाहट तेज होते ही ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। प्रशासन द्वारा जारी इश्तहार के सामने आते ही अपनी जमीनों के अस्तित्व पर मंडराते संकट को देखते हुए किसानों ने एकजुट होकर मोर्चा खोल दिया है। ग्राम पंचायत लखौली के सरपंच हिरामन साहू की अगुवाई में बड़ी संख्या में प्रभावित कास्तकार तहसील कार्यालय पहुंचे और अधिग्रहण की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की मांग करते हुए तहसीलदार को कड़ा आपत्ति-ज्ञापन सौंपा।

- तहसीलदार से कथित प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग

फाइल फोटो

18 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने का समय निर्धारित

तहसीलदार न्यायालय ने इस मामले में 18 अगस्त 2026 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने का समय निर्धारित किया है। सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने अधिग्रहण का विरोध करते हुए प्रमुख रूप से अपनी आजीविका और पर्यावरण की सुरक्षा की बात कही है। कास्तकारों का स्पष्ट कहना है कि इन खसरों की भूमि पूरी तरह उपजाऊ कृषि भूमि है, जो उनके परिवारों के भरण-पोषण का एकमात्र जरिया है। जमीन छिन जाने से उनके सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा और आर्थिक रीढ़ टूट जाएगी। इसके अलावा, शांत ग्रामीण अंचल में उद्योगों की स्थापना से प्रदूषण फैलने, पर्यावरण को नुकसान पहुंचने और गांव की सामाजिक शांति व्यवस्था प्रभावित होने की पूरी आशंका है। किसानों ने दो टूक शब्दों में प्रशासन से कहा है कि उन्हें अपनी कृषि भूमि का अधिग्रहण किसी भी सूरत में मंजूर नहीं है, इसलिए जनहित में इस प्रक्रिया को तुरंत निरस्त किया जाए।

11.44 हेक्टेयर निजी भूमि को औद्योगिक प्रयोजन के लिए अर्जन करने का प्रस्ताव

प्रशासनिक इश्तहार के अनुसार ग्राम लखौली, पटवारी हल्का नंबर 33, राजस्व निरीक्षक मंडल भिलाई स्थित खसरा नंबर 159/1, 159/2, 177/1, 159/3, 177/2, 159/4, 177/3, 160, 177/4, 178, 179, 184/2, 180, 181, 182, 573/1, 573/2, 183/1, 183/2, 184/1, 185, 569, 570/1 से 570/5, 572/1, 572/2, 572/3, 573/3, 575, 576, 577 एवं 578 सहित कुल 35 खसरों की 11.44 हेक्टेयर निजी भूमि को औद्योगिक प्रयोजन के लिए अर्जन करने का प्रस्ताव है। यह पूरी कार्रवाई राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड के पत्र, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र रायपुर की अनुशंसा तथा वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के तहत दी गई सशर्त सैद्धांतिक सहमति के आधार पर आगे बढ़ाई जा रही है।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत छात्रों ने निकाली साइकिल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारागांव

'हर घर तिरंगा' और 'घर-घर तिरंगा' अभियान के तहत पीएमश्री सेजेस स्कूल सारागांव में देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में विद्यार्थियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आजादी का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सरस्वती साइकिल योजना के तहत लाभान्वित छात्राओं द्वारा निकाली गई विशाल और भव्य साइकिल यात्रा रही, जिसने पूरे नगर में देशभक्ति का माहौल बना दिया। यह भव्य साइकिल यात्रा जिला पंचायत सभापति सविता चंद्राकर के कुशल नेतृत्व में निकाली गई। तिरंगे झंडों से सजी साइकिलों पर सवार होकर जब छात्राएं भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारे लगाते हुए नगर के मुख्य मार्गों से गुजरीं, तो पूरा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के रंगों में रंग गया। स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह रैली का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और छात्राओं का हौसला बढ़ाया।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सभापति सविता चंद्राकर ने अपने ओजस्वी और शानदार संबोधन से वहां मौजूद सभी लोगों में देशभक्ति का संचार कर दिया। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि तिरंगा केवल तीन रंगों का कपड़ा नहीं, बल्कि हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। यह हमें हमारे अमर शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि आज की बेटियां शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। और यह साइकिल यात्रा महिला सशक्तिकरण तथा देशभक्ति का एक अद्भुत उदाहरण है। स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी इस अभियान को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला और इस आयोजन ने पूरे सारागांव में 'हर घर तिरंगा' फहराने का एक सकारात्मक संदेश दिया।

पेज 09 के शेष...

बैठक में धमकी! कहा...

बैठक में उनकी मांगों पर समाधान की चर्चा करने के बजाय उन्हें फीस और कॉलेज के बजट को लेकर दबाव एवं धमकी जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा। प्रतिनिधियों के अनुसार, बैठक में यह सवाल किया गया कि "आपकी फीस कई समय से नहीं बढ़ाई गई है, क्या उसे बढ़ा दिया जाए?" तथा यह भी कहा गया कि "क्या मैं कॉलेजों का हॉस्टल बजट हटा दूं आपके स्टाइपेंड के लिए? क्या आप लोग यही चाहते हैं कि दूसरे राज्य से स्टूडेंट्स यहां पढ़ने के लिए नहीं आए? इंटर्न डॉक्टरों का कहना है कि इस तरह की बातें उनकी वास्तविक मांग को समझने और समाधान करने के बजाय उन्हें दबाव में लेने जैसी प्रतीत हुईं।

प्रशासन ने कहा-गंभीरता...

खबर है। बैठक में पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर के इंटर्न्स उपस्थित रहे।

काम के अनुसार ...

स्वास्थ्य व्यवस्था में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। हम किसी कॉलेज सुविधा को बंद करवाने या छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने की मांग नहीं कर रहे हैं। हमारी मांग है कि सरकार अपने बजट और नीतिगत स्तर पर ऐसा समाधान निकाले जिससे इंटर्न डॉक्टरों को उनके काम, जिम्मेदारियों और बढ़ती महंगाई के अनुरूप सम्मानजनक स्टाइपेंड मिल सके।

17 मुक्तिधामों को...

भी शासन से स्वीकृति नहीं मिल पाई है। यही वजह है कि इन मुक्तिधामों की दशा सुधारने टेंडर नहीं हो पाया। दरअसल, रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में दिवंगतों के अंतिम संस्कार के लिए बनाए गए मुक्तिधाम की व्यवस्था में सुधार नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है। आउटर के वार्ड में इससे भी ज्यादा बदतर स्थिति देखने को मिल रही है। अटारी, हीरापुर, सोनडोंगरी, कचना, आमासिवनी, दिशा कालेज के पास स्थित रामनगर के मुक्तिधाम और गोंदवारा मुक्तिधाम की कमोबेश यही हालत है, जहां नगर निगम झांकने तक नहीं आया। हरिभूमि की एक रिपोर्ट : इन 17 मुक्तिधाम की दशा सुधारने बना था वार्ड एक्शन प्लान, जोन 1 कविलाश नगर मुक्तिधाम जीर्णोद्धार 1 करोड़ 39 लाख रुपए, जोन 2 मौदहापारा कब्रिस्तान जीर्णोद्धार कार्य 49.98 लाख रुपए , मौदहापारा कब्रिस्तान क्रमांक 2 जीर्णोद्धार कार्य 48.10 लाख रुपए, देवेंद्र नगर मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य 49.98 लाख रुपए, जोन 3 कुष्ठ बस्ती मुक्तिधाम में आवश्यक कार्य 48.85 लाख रुपए, मारवाड़ी मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार 27.22 लाख रुपए, चंद्रशेखर आजाद वार्ड मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य सवा करोड़ रुपए, शहीद पंकज विक्रम वार्ड क्रिश्चयन कब्रिस्तान जीर्णोद्धार कार्य 75 लाख रुपए , पारसी कब्रिस्तान की जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य 75 लाख रुपए, भाठागांव मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण 75 लाख रुपए, रामनगर मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार कार्य 49.45 लाख रुपए, महादेवघाट में मुक्तिधाम विकास कार्य 28.97 लाख रुपए, कचना मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार कार्य 1 करोड़ 23 लाख रुपए, देवपुरी मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य 52.48 लाख रुपए , डूमरतराई मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य 84.75 लाख रुपए, अमलीडीह मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य 31.79 लाख रुपए, पुरैना मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार कार्य 46.66 लाख रुपए

कचना का मुक्तिधाम ....

लाइट की व्यवस्था नही होने से यहां आने वालों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी तरह आमासिवनी गांव का मुक्तिधाम अव्यवस्था के चलते चर्चा में है। जगह-जगह गड्ढे हो गए है। लोगों के लिए धूप से बचने और बारिश में सिर छिपाने शेड नही है। हालत ये है कि यहां बिजली और पानी की सुविधा भी अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। वार्ड पार्षद का कहना है इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भिजवाया, पर जोन में फाइल डंप है।

शहर में रैली, जुलूस के...

दोगुना कर दिया गया है। पूर्व में आयोजकों से प्रति आयोजन सफाई के एवज में 500 रुपए शुल्क लिया जाता था, जिसे बढ़ाकर अब 1 हजार रुपए प्रति आयोजन निर्धारित कर दिया गया है। नगरीय प्रशासन विकास विभाग के निर्देश पर निगम क्षेत्र में रायपुर नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा को सार्वजनिक खेल मैदान आयोजन, पंडाल, अस्थायी संरचना के लिए रैली, जुलूस की अनुमति के लिए अधिकृत किया गया है। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने राज्य शासन के निर्देशों के पालन के लिए नगर निगम क्षेत्र में सार्वजनिक खेल मैदान, आयोजन, पंडाल, अस्थायी संरचना के संबंधित कार्य के लिए संबंधित क्षेत्र के जोन आयुक्त को अधिकृत कर दिया है। कोई भी व्यक्ति, संस्था नगर निगम रायपुर क्षेत्र में इस तरह के आयोजन के लिए जोन कमिश्नर कार्यालय में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते हैं।

विमान को हाइजैकिंग ...

किशोर लहरे द्वारा किया गया। अध्यक्षता गृह सचिव नेहा चंपावत ने की। बैठक में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, स्थानीय पुलिस प्रशासन, एयरलाइंस प्रतिनिधियों सहित विभिन्न संबंधित विभागों एवं सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

निर्धारित मानकों का करें...

प्रतिक्रिया, संचार एवं समन्वय व्यवस्था का परीक्षण किया गया तथा सामने आई कमियों एवं सुधार के संभावित क्षेत्रों का भी आकलन किया गया। सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि हवाई अड्डे पर निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा सभी एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय को और अधिक सुदृढ़ किया जाए।

जोन कमिश्नर की शिकायत...

लेकर पार्षद नाराज हो गया और उसने जोन आयुक्त के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। **जोन आयुक्त बोलीं आरोप बेबुनियादः** जोन आयुक्त ने पार्षद के आरोप को बेबुनियाद करार देते हुए कहा कि नए नियम के अनुसार जितने सफाई कर्मियों की उपस्थिति रहेगी, उतने सफाई कर्मियों को भुगतान किया जाएगा। इस पर पार्षद उन पर सभी सफाई कर्मियों का भुगतान करने का दबाव बना रहे थे।

गुल्लू के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा में गूंजी देशभक्ति

आरंग। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुल्लू के छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व देश प्रेम, देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता व आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए विद्यालय परिवार व शाला प्रबंधन विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में भव्य तिरंगा यात्रा निकालकर ग्राम में देशभक्ति का माहौल बना दिया। यात्रा का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में ग्राम पंचायत गुल्लू के सरपंच टिकेश भुवनेश्वर साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष अशोक कुमार यादव व प्राचार्या नम्रता तिवारी ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात तिरंगा यात्रा विद्यालय प्रांगण से निकलकर ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुल्लू माता प्रवेश द्वार बस स्टैंड पहुंची, जहां राजकीय गीत के साथ यात्रा का समापन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के देशभक्ति व देश प्रेम से परिपूर्ण नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। वरिष्ठ व्याख्याता माणिक लाल मिश्रा ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की। इस यात्रा में पंचगण अरविन्द टंडन, जगदीश धीवर, नेमीचंद पटेल, हेमराज टंडन, धनेश्वरी धीवर, पुष्पा यादव, शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्यगण भोलाराम निर्मलकर, परमेश्वर धीवर, शीतल बंजारे, ललिता बंजारे, भुवनेश्वर साहू, व्याख्यातागण खेमलाल ठाकुर, श्रद्धाकिरण नेताम, सुमन धुरंधर, प्रकाश चंद्र साहू, प्रमिला मेश्राम, श्वेता मिश्रा, द्वारिका प्रसाद दीवान, रजनी बाला भारती, हेमलता नायक, खोमन प्रसाद निषाद, खुलेश नंद देवांगन, लोकेश तुरकाने, डॉली चंद्राकर, दुलेश्वरी सोनबेर, चुन्नू यादव, ग्रामवासी, पालक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

न्यायालयः- बी.आर. साहू, जिला एवं सत्र न्यायाधीश गरियाबंद, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

// ईश्तहार सूचना //

प्रो.क्र. 747/2026, मोटर दु.दावा प्रकरण क्र. 53/2021
पेशी दिनांक-25.08.2026

डोमेश्वर कंवर पिता मंशाराम कंवर, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम खुड़सा, थाना फिंगेश्वर, तहसील राजिम, जिला-गरियाबंद, छ.ग. ....**आवेदक/वादी**

विरुद्ध

मेसर्स इन्फ्राटेक प्राईवेट लिमिटेड, पता 204 द्वितीय मंजिल ब्लाक सी वरण अपार्टमेंट अमलीडीह, रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. ....**अनावेदक/प्रतिवादी**

1. यह कि वादीनी/ आवेदक/ पक्षकार का नाम ऊपर दर्शाये अनुसार है।
2. यह कि उपरोक्त प्रकरण में माननीय न्यायालय के समक्ष अनावेदक की उपस्थिति हेतु नियत है।
3. 03. यह कि आवेदक द्वारा अनावेदक के वर्तमान पता सम्यक रूप से पता करने पर पता नहीं चल रहा है कि वर्तमान में अनावेदक कहां है ऐसी स्थिति में अनावेदकगण के उपस्थिति सुनिश्चित नहीं हो रहा है और प्रकरण की सुनवाई में विलंब हो रहा है।
4. अतः अनावेदक/प्रतिवादी को ईश्तहार प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.08.2026 को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में की जावेगी। यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर की जावेगी।

आज दिनांक 10.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान-गरियाबंद छ. ग.
दिनांकः 10.08.2026
मुहर

(बी.आर. साहू)
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण गरियाबंद (छ.ग.)

:: उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु ::

(आदेश - 5, नियम - 20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)

न्यायालयः- कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.

उत्तराधिकार प्र.क्र.- 112/2026, प्रो.क्र. 554/26
पेशी तारीख 03.09.2026

सागर साहू व अन्य .... आवेदकगण

बनाम

आम जनता व अन्य ...... अनावेदकगण

प्रति,

आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण

जो कि आवेदकगण की मृतिका माता स्व० श्रीमती बिमला साहू के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 03.09.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है ।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेंगा।

नोटः- यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 11.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 11.08.2026
मुहर

(कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा)
षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रायपुर छ.ग.

// आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-34 में मुख्यमंत्री सह प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत एल.आई.जी. प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- SEC-34/2nd F. BL-06/216 को श्रीमति संतोषी कुर्रे एवं श्री गेंदलाल कुर्रे निवासः - मकान नं. एम. 952, आदर्श नगर पोस्ट - कुसममुण्डा, जिला कोरबा (छ.ग.) के नाम पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद मे राशि रू. 8,50,000/- जमा किया गया है। रजिस्ट्री एवं आधिपत्य की कार्यवाही शेष है। श्री गेंदलाल कुर्रे की मृत्यु दिनांक 17.04.2023 को हो गया है। श्रीमति संतोषी कुर्रे पति स्व. श्री गेंदलाल कुर्रे ने अपने पति स्व. श्री गेंदलाल कुर्रे की मृत्यु होने के उपरांत उक्त प्रकोष्ठ भवन को अपने नाम पर यथावत् रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथपत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। मूल आबंटी श्रीमती संतोषी कुर्रे द्वारा शपथपत्र के बिंदु क्रमांक 03 में स्व. श्री गेंदलाल कुर्रे के विधिक वारिसान 1. स्वयं, 2. रजनी कुर्रे (पुत्री), 3. राहुल कुर्रे (पुत्र), 4. संजय कुर्रे (पुत्र) है, इनके अलावा अन्य विधिक वारिसान नही है, की जानकारी दी गई है।

उक्त प्रकोष्ठ भवन को श्रीमति संतोषी कुर्रे पति स्व. श्री गेंदलाल कुर्रे के नाम पर यथावत् रखने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र
नवा रायपुर अटल नगर

न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भः- जिला - **रायपुर** तहसील- **धरसीवा** प.ह.न. **00014 नेउरडीह** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **RD202526440718000006**

// ईश्तहार //

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00014 के अंतर्गत ग्राम नेउरडीह के वर्तमान भूमिस्वामी मंगलू पिता/पति-हीरामन सतनामी पता-सा.देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 136/1 (0.0730), 136/2 (0.2000), 115/1 (0.3600) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता तेजेश्वरी कुर्रे पिता/पति-मंगलूराम कुर्रे पता- सा.देह,बसंत कुर्रे पिता/पति-मंगलूराम कुर्रे पता-सा.देह, रूखमणी कुर्रे पिता/पति-मंगलूराम कुर्रे पता-सा.देह, सुशीला कुर्रे पिता/पति-मंगलूराम कुर्रे पता-सा.देह, यशवंत कुर्रे पिता/पति-मंगलूराम कुर्रे पता-सा.देह, दीप्ती कुर्रे पिता/पति-मंगलूराम कुर्रे पता-सा.देह के नाम पर पंजीयन /फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक19/08/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.07.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदारः-
Ashok Kumar Janghel
तहसील- धरसीवा

खबर संक्षेप

राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की मनाई पुण्यतिथि

रायपुर। वराडे धनगर गड़रिया समाज ने पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 231वीं पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर समाजजनों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर समाजजनों ने बताया कि 'लोकमाता' द्वारा रखी गई आदर्श शासन व्यवस्था की नींव आज 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की निर्माण-यात्रा को नई दिशा प्रदान कर रही है। इस अखंड भारत की सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य हमें सदैव प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे। इस कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा, पार्षद नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, अजय हंसा, वराडे धनगर समाज प्रदेश अध्यक्ष दिलीप धनगर, रायपुर मंडल अध्यक्ष सुब्बाराव सावरकर, कृष्णा सावरकर, सूर्यकांत राठौर, किशोर महानंद, विपिन पटेल, अनूप खेलकर, सुदेश दास, फौजी मेजर विरेंद्र देबरिया, दीनानाथ धनकर, सोमनाथ सावरकर, दिनेश तिरगुर, जीवन धनकर, पारस गौतम, प्रकाश सावरकर, सुरेश सावरकर, गनपत राव खराने उपस्थित रहे।

हरेली पर्व : विशेष बच्चों ने किया पौधारोपण

रायपुर। हरेली पर्व के अवसर पर आकांक्षा लायंस इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पॉवरमेंट बिरगांव में गुरुवार को ग्रीन डे का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेष बच्चों द्वारा पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। बच्चों ने प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता प्रदर्शित करते हुए पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा। इस अवसर पर विशेष बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी, छत्तीसगढ़ी हंसिया एवं कुदारी के चित्र बनाकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा एवं ग्रामीण जीवन से जुड़ी कला का सुंदर प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष आरके नागपाल के अलावा समस्त कर्मचारी एवं विशेष बच्चे उपस्थित रहे।

नगर पंचायत माना कैंप में निकाली तिरंगा यात्रा

रायपुर। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत माना कैंप में गुरुवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में नगर पंचायत के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिका सहित विद्यार्थियों व नगर के वरिष्ठ एवं विशिष्टजन शामिल हुए। इस यात्रा में विधायक मोतीलाल साहू, श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती, संजय यादव, भीमानंद निषाद, नरेश पिल्लै, साधु हालदार, खोकन कुंडू, उर्मिला चौहान, लोकमति ठाकुर, काजल मंडल, नंदलाल बर्मन, लीना साहा, राखी मंडल, बिजय दास, राजेश, सुभाषचंद्र बोस अन्ना, संजीव चक्रवर्ती, राकेश प्रधान आदि शामिल थे।

प्रदेश में अब पेट्रोल ऑटो की डिमांड नहीं, सबसे ज्यादा बिक रहे ई-रिक्शा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश में अब पेट्रोल ऑटो की डिमांड लगभग पूरी तरह से खत्म हो गई है। जुलाई में एक भी पेट्रोल ऑटो नहीं बिका है। जून में भी महज एक ही आटो बिका था। ऑटोमोबाइल बाजार में इस समय पूरी तरह से ई-रिक्शा का कब्जा हो गया है। सबसे ज्यादा ई-रिक्शा ही बिक रहे हैं। इसी के साथ सीएनजी आटो की भी मांग बढ़ रही है। वैसे डीजल वाले ऑटो आज भी बिक रहे हैं, लेकिन इनकी डिमांड भी बहुत कम है।

पेट्रोल के बढ़ते दाम के साथ ही इसमें 20 फीसदी एथेनाल मिलाने के कारण अब एक तरफ जहां आम ग्राहकों का रुख ई-वाहनों की तरफ हो रहा है, वहीं सवारी वाहनों में तिपहिया वाहनों में भी पहली पसंद ई-रिक्शा हो गए हैं। लंबे समय से प्रदेश में पेट्रोल वाले ऑटो की डिमांड नहीं आ रही है। इसके कारण अब पेट्रोल वाले आटो बेचने वाले ऑटोमोबाइल कारोबारी डिमांड आने पर ही इसे मंगा रहे हैं।

- जुलाई में एक भी नहीं बिका, जून में बिका था एक
- डीजल ऑटो अब भी बिक रहे, पर डिमांड कम

ई-रिक्शा ज्यादा बिक रहे

प्रदेश में इस समय सबसे ज्यादा ई-रिक्शा ही बिक रहे हैं। पेट्रोल वाले ऑटो की डिमांड नहीं है। डीजल वाले ऑटो जरूर अब भी बिक रहे हैं, लेकिन इनका बिकना बहुत कम हो गया है।

\- **विवेक गर्ग,** अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ फाडा

ई-रिक्शा पहले नंबर पर

प्रदेश में जुलाई में तिपहिया वाहनों में सबसे ज्यादा 1590 ई-रिक्शा बिके हैं। इसके हिसाब से तिपहिया वाहनों के बाजार में ई-रिक्शा का 92 फीसदी कब्जा है। इसके बाद दूसरे नंबर पर डीजल वाले ऑटो हैं। जुलाई में ये 122 बिके हैं। इसका प्रतिशत सात है। इसके बाद सीएनजी का नंबर है। सीएनजी वाले 21 ऑटो बिके हैं। सीएनजी के पंप कम होने के कारण अभी इसकी डिमांड कम है, पंप बढ़ने पर इसकी डिमांड भी बढ़ेगा। जुलाई से पहले जून में ई-रिक्शा 1620 बिके थे। इसी के साथ डीजल वाले ऑटो 127 और सीएनजी वाले ऑटो 9 बिके थे। पेट्रोल वाला एक आटो बिका था। बीते साल जुलाई से इस साल जुलाई में 331 तिपहिया वाहन ज्यादा बिके हैं। बीते साल जुलाई में भी एक भी पेट्रोल वाला ऑटो नहीं बिका था।

गीता परिवार की ओर से रिहा होने वाले बंदियों को दिया गया गीता ग्रंथ

सेंट्रल जेल में बंद महिला कैदी सहित नौ बंदी अब खुली हवा में सांस लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हत्या के केस में रायपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 21 बंदी अपनी अच्छे चाल चलन के कारण अब खुली हवा में सांस ले सकेंगे। गुरुवार को एक महिला बंदी सहित नौ बंदियों को रिहा किया गया। शुक्रवार को और 12 बंदियों की रिहाई होगी। रिहा होने वाले बंदी अपने पाप का पश्चाताप कर नेकी के रास्ते पर चलें, इसके लिए उन्हें गीता परिवार की ओर से गीता ग्रंथ भेट किया गया।

जेल से रिहा होने वाले कुछ बंदियों को उनके परिवार के लोग लेने आए, वहीं कुछ अकेले अपना सफर तय कर आगे निकल गए। बंदियों से बात करने की कोशिश करने पर वे बात करने से बचते नजर आए। वहीं, कुछ लोगों के चेहरों पर अपने कृत्य को लेकर पछतावा का भाव दिखा। जेल सुपरिंटेंडेट योगेश क्षत्री के अनुसार शुक्रवार को 12 और बंदियों की रिहाई की जाएगी।

कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में देर होने की वजह से नौ बंदियों की रिहाई संभव हो पाई। जेल सुपरिंटेंडेंट के अनुसार कैदियों को जेल में उनके काम और आचरण के आधार पर माफी यानी सजा में छूट मिलती है। किसी एक अधिकारी के निर्णय से यह प्रक्रिया नहीं होती। कैदी जिस जगह काम करता है, वहां से उसके आचरण की शुरुआती जानकारी मिलती है। इसके बाद अलग-अलग स्तर के अधिकारियों से भी फीडबैक लिया जाता है। पूरी प्रक्रिया के बाद जेलाध्यक्ष की अंतिम स्वीकृति होती है। अगर कोई बंदी जेल में दिया गया काम ठीक से करता है, जेल के नियमों का पालन करता है और अनुशासनहीनता नहीं करता, तो उसके आचरण को अच्छा माना जाता है। अच्छे चाल चलन के कारण प्रदेश के पांच केंद्रीय जेल से 102 बंदियों की रिहाई स्वतंत्रता दिवस पर होने जा रही है।

- आज और 12 बंदियों की होगी रिहाई, पूरे प्रदेश में 102 बंदियों को रिहा किया जाएगा

इन केंद्रीय जेलों से इतने बंदियों की रिहाई

- बिलासपुर केंद्रीय जेल- 48 कैदी
- रायपुर केंद्रीय जेल- 21 कैदी
- दुर्ग केंद्रीय जेल- 16 कैदी
- अंबिकापुर केंद्रीय जेल- 8 कैदी
- जगदलपुर केंद्रीय जेल- 9 कैदी

हर महीने मिलती है तय माफी

जेल सुपरिंटेंडेंट के अनुसार अच्छे आचरण और काम के आधार पर बंदियों को हर महीने माफी मिलती है। इसमें सामान्य तौर पर 3 दिन और 3 दिन यानी कुल 6 दिन की माफी का प्रावधान है। यह माफी धीरे-धीरे उसकी कुल सजा में कमी के रूप में जुड़ती जाती है। इसी प्रक्रिया के तहत पात्र बंदियों की शेष सजा में छूट देकर उन्हें समय से पहले रिहा किया जाता है।

जेल आने पर बनती है हिस्ट्रीशीट

कोर्ट किसी आरोपी को सजा सुनाती है, इसके बाद उस कैदी की हिस्ट्रीशीट तैयार की जाती है। सजा होने के बाद उसे कन्विक्ट बंदी के रूप में जेल की दंडित शाखा में दर्ज किया जाता है। उसका हिस्ट्री टिकट तैयार किया जाता है, जिसमें उसकी सजा और केस से जुड़ी पूरी जानकारी दर्ज होती है। उससे अपील के बारे में भी जानकारी ली जाती है। अगर उसने अपील नहीं की है, तो जरूरत पड़ने पर विधिक सहायता के जरिए अपील कराई जाती है। इसके बाद उसका स्वास्थ्य परीक्षण होता है और उसकी रुचि के अनुसार उसे जेल में काम दिया जाता है। काम शुरू करने से पहले बंदी को यह भी बताया जाता है कि अच्छा काम और अच्छा आचरण रखने पर उसे हर महीने तय नियमों के अनुसार सजा में माफी मिल सकती है।

गोमाता की मौत मामले में निगम अधिकारियों पर एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ये थे मौजूद : इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, प्रमोद दुबे, पंकज शर्मा, सुशील सनी अग्रवाल, जसबीर दिल्लन, देवेंद्र यादव, सुशांत डे, अविनय दुबे, सचिन अग्रवाल, सौरभ तिवारी, उत्तम साहू, सुरेश धीवर, देवकुमार साहू, हीरेंद्र देवांगन, दीपक चौबे, सुजीत सिंह, एनके पटेल, राजा बंजारे, महेंद्र सेन, मिलिंद गौतम, सत्तू सिंह, शहनाज, पवन प्रधान, फिरोज चिश्ती, सागर टांडी, आकाश नाग, बास्तो बहरा, जीवन सागर, प्रतीक तिवारी, ईश्वर जांगड़े, राजू दुबे, ईश्वर चक्रधारी, ललित ओझा, विष्णु नायक, चंद्रभान ध्रुव, सुरेश वर्मा, सुनील दीप, बंटी निहाल सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।

फुंडहर के पास सड़क हादसे में चार गायों की मौत और दो के गंभीर रूप से घायल होने के मामले को लेकर शहर कांग्रेस ने गुरुवार को तेलीबांधा थाने में प्रदर्शन किया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त संबित मिश्रा, जोन आयुक्त मोनेश्वर शर्मा, जोन अध्यक्ष सचिन मेघानी, उपायुक्त विनोद पांडेय समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, फुंडहर गांव के पास नगर निगम के आधिपत्य वाले गोठान की छह गायों को एक वाहन ने रौंद दिया था। हादसे में चार गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गाय गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज पंडरी अस्पताल में चल रहा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि फुंडहर गोठान में क्षमता से अधिक गायों को रखा जाता है और वहां पर्याप्त सुविधाओं की कमी को लेकर लगातार शिकायतें सामने आती रही हैं।

एसीपी को सौंपा ज्ञापन

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने हादसे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा, निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के यहां कार्यरत कर्मचारियों में से कुछ कर्मचारियों को गौ संरक्षण कार्य में लगाया जाए, ताकि सड़कों पर मवेशियों की मौजूदगी कम की जा सके और दुर्घटनाओं को रोका जा सके। थाने में दिए गए लिखित आवेदन में पशु क्रूरता अधिनियम समेत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत कार्रवाई की मांग की गई। दो घंटे चले प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने एसीपी रमाकांत साहू को ज्ञापन सौंपा और मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच एवं कार्रवाई की मांग की।

छत्तीसगढ़ पुलिस का गौरव, 11 पुलिस अफसर-कर्मियों को राष्ट्रपति पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को पुलिस परेड ग्राउंड रायपुर के मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्य पुलिस के 11 उत्कृष्ट पुलिस अफसर एवं कर्मियों को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पदक (विशिष्ट एवं सराहनीय सेवा पदक) प्रदान कर पुरस्कृत करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर इन पुलिस अधिकारियों को पदकों से विभूषित करने की घोषणा की थी।

- मुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर इन पुलिस अधिकारियों को पदकों से विभूषित करने की घोषणा की थी

जिन पुलिस अफसर तथा कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा, उनमें धमतरी रक्षित केंद्र के सहायक उप निरीक्षक रामावतार सिंह राजपूत को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक प्रदान किया जाएगा। इसी तरह से सराहनीय सेवा पदक के लिए रामगोपाल गर्ग (पुलिस महानिरीक्षक, बिलासपुर रेंज), शशिमोहन सिंह (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला रायगढ़), श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा (पुलिस अधीक्षक, रायपुर ग्रामीण), राजश्री मिश्रा (पुलिस अधीक्षक, एटीएस रायपुर), निवेदिता पाल (सेनानी, 6वीं वाहिनी छसबल, रायगढ़), मनीषा ठाकुर रावटे (सेनानी, 20 वीं वाहिनी छसबल, महासमुंद), तारकेश्वर पटेल (अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त(मध्य, रायपुर नगरीय), उनैजा खातून अंसारी (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,विशेष शाखा पीएचक्यू), जयलाल मरकाम (सहायक सेनानी, प्रथम वाहिनी छसबल, भिलाई), हजारी लाल साहू (प्लाटून कमांडर, 20वीं वाहिनी छसबल, महासमुंद) के नाम शामिल हैं।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर राज्य स्तरीय आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मुख्यमंत्री साय होंगे मुख्य अतिथि, प्रख्यात फिल्मकार डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी मुख्य वक्ता

भारत विभाजन की विभीषिका में असंख्य परिवारों द्वारा झेली गई पीड़ा, विस्थापन और संघर्ष को स्मरण करने तथा नई पीढ़ी को इतिहास के इस महत्वपूर्ण अध्याय से परिचित कराने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

राजधानी रायपुर के मुक्ताकाशी मंच, संचालनालय पुरातत्व परिसर में दोपहर 12.30 बजे आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। अध्यक्षता संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल करेंगे। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रख्यात फिल्मकार एवं अभिनेता डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी समारोह के मुख्य वक्ता होंगे।

विभाजन की पीड़ा और मानवीय संघर्ष पर होगा विमर्श

'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के राज्य स्तरीय आयोजन में वर्ष 1947 के भारत विभाजन के दौरान लाखों लोगों द्वारा झेले गए विस्थापन, पीड़ा और संघर्ष की स्मृतियों को साझा किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विभाजन की त्रासदी को केवल इतिहास की एक घटना के रूप में नहीं, बल्कि उससे प्रभावित परिवारों के संघर्ष, साहस और नए सिरे से जीवन खड़ा करने की अदम्य जिजीविषा के रूप में भी नई पीढ़ी के सामने प्रस्तुत करना है।

ये होंगे शामिल

समारोह में शदाणी दरबार तीर्थ के पीठाधीश्वर डॉ. युधिष्ठिर लाल महाराज, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा एवं अनुज शर्मा, महापौर मीनल चौबे, रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल तथा छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन सहित संस्कृति परिषद के सदस्य, शिक्षाविद एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

अब 4 हजार क्विंटल से अधिक शक्कर का भंडारण नहीं कर सकेंगे व्यापारी

रायपुर। अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टर खाद्य शाखा में जिले के शक्कर व्यापरियों की बैठक हुई। बैठक में खाद्य नियंत्रक भूपेन्द्र मिश्रा, सहायक खाद्य अधिकारी बिंदु प्रधान, खाद्य निरीक्षक विवेक मिश्रा तथा जिला शक्कर एसोसिएशन के पदाधिकारी राम मन्धान, प्रेम फाहुजा सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक में व्यापरियों को शक्कर स्टॉक सीमा लागू किये जाने संबंधी निर्देश दिए गए, जिसके तहत शक्कर का कोई भी डीलर ऐसे स्टॉक की प्राप्ति की तारीख से 30 दिनों से अधिक अवधि के लिए किसी स्टॉक का भंडारण नहीं करेगा, साथ ही किसी भी समय पर किसी भी स्थान में 4000 क्विंटल से अधिक शक्कर का स्टॉक नहीं रखेगा।

उपरोक्त संबंध में स्टॉक सीमा घोषणा के लिये जिले के शक्कर व्यापरियों को उपभोक्ता मामले विभाग के स्टॉक मॉनिटरिंग पोर्टल पर पंजीयन कराकर प्रत्येक शुक्रवार को स्टॉक की घोषणा किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

शंकरनगर चौपाटी में गंदगी फैलाई, दुकानदारों पर ई-जुर्माना

रायपुर। नगर निगम जोन 3 स्वास्थ्य विभाग ने गुरूवार को शंकरनगर चौपाटी में गंदगी फैलाने पर 15 दुकानदारों पर 7,500 रुपए ई-जुर्माना किया। जन शिकायत के बाद नगर निगम की टीम ने चौपाटी क्षेत्र के सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया, जिसमें जन शिकायत स्थल पर पूरी तरह सही मिलने पर जोन कमिश्नर प्रीति सिंह के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन तांडी संबंधित 15 दुकान संचालकों पर तत्काल ई-चालान करने की कार्रवाई की।

कागजी रिकॉर्ड से डिजिटल हुआ रेलवे कोच मेंटेनेंस, काम पूरा होते ही जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर स्थित मोतीबाग वर्कशॉप ने कोच के रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डिजीकारखाना नाम से डिजिटल ऐप शुरू किया है।

इसके जरिए कोच मेंटेनेंस से जुड़े काम अब कागजों के बजाय डिजिटल तरीके से दर्ज किए जाएंगे। इससे काम की निगरानी आसान होगी और हर प्रक्रिया का रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। मुख्यालय में आयोजित बैठक के दौरान महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने डिजीकारखाना एप का शुभारंभ किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल तकनीक के इस्तेमाल से कोच के रखरखाव में पारदर्शिता बढ़ेगी और यात्री सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। डिजीकारखाना के तहत वर्कशॉप में अलग-अलग स्थानों पर डिजिटल कियोस्क लगाए गए हैं। तकनीकी कर्मचारी कोच में किया गया काम पूरा होने के बाद उसकी जानकारी मौके पर ही सिस्टम में दर्ज करेंगे। इसके बाद संबंधित सीनियर सेक्शन इंजीनियर या जूनियर इंजीनियर इसकी जांच और पुष्टि करेंगे। इससे कागजी रिकॉर्ड में होने वाली गलतियों को कम करने में मदद मिलेगी।

हर कोच का रहेगा पूरा डिजिटल रिकॉर्ड

कोच के आवधिक रखरखाव, सुरक्षा से जुड़े बदलाव और अन्य जरूरी तकनीकी जानकारी डिजिटल रूप से दर्ज की जाएगी। हर कोच की लाइफटाइम डिजिटल हिस्ट्री तैयार होगी। इससे भविष्य में कोच के पुराने रखरखाव का रिकॉर्ड आसानी से देखा जा सकेगा और जरूरत के अनुसार बेहतर तरीके से निर्णय लेने में मदद मिलेगी।पीओएच की प्रक्रिया पूरी होने के बाद न्यूट्रल ट्रेन एग्जामिनर कोच का भौतिक निरीक्षण कर फिटनेस प्रमाणित करेंगे। इसके बाद प्रोडक्शन अधिकारी डिजिटल माध्यम से पूरी प्रक्रिया को प्रमाणित करेंगे और पीओएच प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा।

- हर कोच की बनेगी लाइफटाइम हिस्ट्री

फीडबैक और सुरक्षा कार्यों की भी होगी निगरानी

डिजीकारखाना के माध्यम से कंसाइनी कोच की डिजिटल हिस्ट्री देख सकेंगे और कोच की गुणवत्ता व रखरखाव से जुड़ा फीडबैक भी दर्ज कर सकेंगे। वहीं, वर्कशॉप प्रशासन कोचों में किए जाने वाले सुरक्षा संबंधी बदलावों की स्थिति पर भी नजर रख सकेगा। रेलवे के अनुसार इस डिजिटल व्यवस्था से कोच मेंटेनेंस की प्रक्रिया पेपरलेस, पारदर्शी और रिकॉर्ड आधारित होगी। इससे काम की निगरानी और जवाबदेही बढ़ने के साथ कोचों की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता बेहतर करने में मदद मिलेगी।

पुलिस ग्राउंड पर चल रहे स्वतंत्रता दिवस समारोह परेड अभ्यास सत्र का समापन

फुल ड्रेस रिहर्सल परेड में सेना के जवानों ने किया मार्चपास्ट, अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन भी

पुलिस परेड ग्राउंड पर गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल हुआ। विगत 30 जुलाई से चल रहे इस स्वतंत्रता दिवस समारोह परेड अभ्यास सत्र का समापन हो गया। अभ्यास सत्र में भाग लेने अलग-अलग पुलिस बल के प्लाटून दल और शहर के स्कूलों की छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति की तैयारी को फुल ड्रेस रिहर्सल में फाइनल टच दिया गया। फुल ड्रेस रिहर्सल में 15 अगस्त समारोह से एक दिन पूर्व समारोह की अंतिम तैयारी परेड कमांडर्स द्वारा जांची गई।

रायपुर। फुल ड्रेस रिहर्सल में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह सहित पुलिस के आला अधिकारियों ने भाग लिया। कलेक्टर व संबंधित पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को राजधानी के पुलिस परेड ग्राउंड पर स्वतंत्रता दिवस समारोह राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत गौरवमयी भव्य व ऐतिहासिक रूप में मनाया जाएगा। इसमें शहर के तीन स्कूलों के करीब 800 से अधिक छात्र-छात्राओं का दल देशभक्ति, लोकसंस्कृति, भाव जागृत करती रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। वहीं पुलिस बल के जवान राष्ट्रसेवा के प्रति प्रतिबद्धता, त्याग, बलिदान, अदम्य साहस, शौर्य, पराक्रम, जज्बा को समारोह में मार्चपास्ट परेड के दौरान प्रदर्शित करेंगे। घुड़सवारी दल, महिला बैंड वाइपर दल सहित 17 प्लाटून दल स्वतंत्रता दिवस परेड समारोह में भाग लेंगे। प्रत्येक प्लाटून दल में दल कमांडर सहित 27 जवानों का दल शामिल है। स्वतंत्रता दिवस परेड समारोह के परेड कमांडर विमल कुमार पाठक नगर पुलिस अधिक्षक दर्री, जिला कोरबा रहे।

पदक अलंकरण समारोह में त्याग, बलिदान को सम्मान

स्वतंत्रता दिवस समारोह में देश सेवा में त्याग, बलिदान और अदम्य साहस, शौर्य का प्रदर्शन करने वाले पुलिस बल के अधिकारियों, जवानों को विभिन्न श्रेणी में पदक प्रदान किया जाएगा। इसके तहत वर्ष 2026 के लिए पुलिस वीरता पदक, राष्ट्रपति पुलिस पदक, भारतीय पुलिस पदक, सुधार सेवा पदक 2026, गृह रक्षक व नागरिक सुरक्षा पदक 2026, राज्य स्तरीय पुरस्कार 2025 शामिल हैं।

स्कूलों की छात्र-छात्राएं दे रहे सांस्कृतिक प्रस्तुति

फुल ड्रेस रिहर्सल में स्कूली छात्र-छात्राओं ने तीन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति दी। सरगुजा संभाग से 286 विद्यार्थियों ने वंदेमातरम...जय हिंदी हम सबका अभिमान थीम पर, दुर्ग संभाग के 277 विद्यार्थियों ने सजता संवरता, निखरता देश...थीम पर और रायपुर संभाग के 280 विद्यार्थियों ने संकल्प बोल के हम तो निकल पड़े...थीम पर अपनी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से देश के वीर जवानों के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रप्रेम की भावना को आम नागरिकों में जागृत करने वाली नृत्य व गीतों की पारंपरिक वेशभूषा में रिहर्सल किया।

घुड़सवारी दल की दिखी जांबाजी

फुल ड्रेस रिहर्सल में तीसरी बटालियन अम्लेश्वर के 13 हॉर्स के दल ने फाइनल तैयारी को पुलिस परेड ग्राउंड में स्टैंडिंग सैल्यूट, फ्लैग मार्च, जंपिंग शो से प्रदर्शित किया। गुरुवार को पुलिस परेड ग्राउंड पर घुड़सवारी दल ने कंपनी कमांडर अनिल चंद्रा के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस परेड फुल ड्रेस रिहर्सल किया। घुड़सवारी दल के हॉर्स में ध्रुव, शक्ति, युवराज, धनुष, सारंगी, रुद्रा, अवनी, गंगा, जूही, अश्वत्थामा, ओजस और आभा शामिल रहे।

राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश लेकर निकली 65वीं वाहिनी

राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं देश के प्रति गौरव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 65वीं वाहिनी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा गुरुवार को 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ 65वीं वाहिनी के कमांडेंट राधेश्याम सिंह द्वारा 65बीएन कैंप, तुलसी बाराडेरा से किया गया। इस अवसर पर अजयमणि त्रिपाठी, द्वितीय-कमांड अधिकारी, उप कमांडेंट संजीव कुमार एवं उप कमांडेंट सुधेंद्र सिंह सहित वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान शामिल हुए। तिरंगा यात्रा कैंप से पब्लिक स्कूल पहुंची, जहां विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साह से यात्रा में सहभागिता की। इसके बाद सीआरपीएफ के अधिकारियों, जवानों तथा विद्यालय के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा निकाली। प्रतिभागियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर उत्साह के साथ "भारत माता की जय", "वंदेमातरम" एवं "हर घर तिरंगा" का नारा लगाते हुए आगे बढ़े। इससे वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत रहा।

सालेम इंग्लिश स्कूल ने फहराया 300 फीट लंबा तिरंगा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के समर्थन में सालेम इंग्लिश स्कूल में आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में 300 फीट लंबे विशाल तिरंगे को पूरे सम्मान और गर्व के साथ फहराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय परिवार में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव का उत्साह देखने को मिला। विद्यालय की प्रधानाचार्या रुपिका लॉरेंस के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर सीडीबीई के वाइस चेयरमैन एवं डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव नितिन लॉरेंस ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता, एकता, गौरव और बलिदान का प्रतीक है।

सिटी इवेंट

श्री राधा गोपीनाथ मंदिर में सावन तीज की धूम भजनों और नृत्य से भक्तिमय हुआ माहौल

रायपुर। मालवीय रोड स्थित श्री राधा गोपीनाथ मंदिर में श्री राधा सखी मंडल द्वारा सावन तीज कार्यक्रम मनाया गया। अध्यक्ष कविता गोयल एवं संरक्षक अंजना अग्रवाल ने बताया कि मंदिर स्व. गणेशरामजी द्वारा निर्मित है, जो लगभग 125 वर्ष पुराना है। साथ ही इस मंदिर की बनावट वृंदावन के मंदिरों जैसी बेहद खूबसूरत और आकर्षण का केंद्र है।

श्री राधा सखी मण्डल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अलका सरावगी एवं ऋतु खंडेलवाल ने भजनों की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध कर वातावरण को भक्तिमय किया। तत्पश्चात पूजा एवं मंजू ने मनमोहक नृत्य किया एवं बच्चों ने राधा–कृष्ण बनकर सभी को आकर्षित किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कविता राठी, कविता गोयल, अंजना अग्रवाल, रश्मि गोयल, मोनीता अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, पुष्पा सिंघानिया, अनिता अग्रवाल, संगीता अग्रवाल उपस्थित रही।

प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण थीम पर तीज महोत्सव कल

रायपुर। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर रमेश सेवा सदन गर्ल्स हॉस्टल समता कॉलोनी द्वारा तीज महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम 15 अगस्त को शाम 4 से 6 बजे तक पिरदा स्थित श्रीराम फार्म हाउस में आयोजित किया गया। संस्था द्वारा इस वर्ष तीज महोत्सव प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ ग्रीन थीम पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान हॉस्टल की छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनमें मुख्य रूप से पारंपरिक एवं देशभक्ति पर आधारित लोकनृत्य तथा सुरीले गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां शामिल होंगी। कार्यक्रम के आयोजन एवं व्यवस्था में रमेश सेवा सदन की प्रतिनिधि आस्था अग्रवाल, हॉस्टल वार्डन जयश्री, मैनेजर शशि एवं अन्य प्रबंधकीय सदस्यों का विशेष योगदान रहेगा। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए संस्थान की प्रतिनिधि आस्था अग्रवाल द्वारा बताया गया कि इस अवसर पर हॉस्टल की लगभग 150 छात्राएं एवं समिति की महिला सदस्य उत्साहपूर्वक कार्यक्रम के सहभागी बनेंगी।

जॉइंट रिप्लेसमेंट मरीजों ने लगाई दौड़ साइकिल चलाकर दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

रायपुर। राष्ट्रीय जॉइंट रिप्लेसमेंट दिवस के अवसर पर श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल, रायपुर की ओर से जनजागरूकता के उद्देश्य से वॉकाथॉन एवं साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सफल जॉइंट रिप्लेसमेंट करा चुके 100 से अधिक मरीजों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपने अनुभव साझा किए।कार्यक्रम का नेतृत्व अस्पताल के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक व जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. सुशील शर्मा ने किया। 25 वर्षों से अधिक के अनुभव और 15 हजार से अधिक सफल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक से जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और सटीक हुई है। उन्होंने लोगों से लंबे समय तक रहने वाले जोड़ों के दर्द को नजरअंदाज नहीं करने और समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लेने की अपील की।

अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक की सुविधा भी

डॉ. शर्मा ने बताया कि अस्पताल जल्द ही हिप रिप्लेसमेंट के लिए अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक शुरू करने जा रहा है। इससे सर्जरी में अधिक सटीकता, कम दर्द, तेजी से रिकवरी और बेहतर मूवमेंट मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के अलावा कोलकाता, गोवा, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से भी मरीज जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए अस्पताल पहुंच चुके हैं। कार्यक्रम में अमिटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीयूषकांत पांडेय मुख्य अतिथि रहे। वरिष्ठ पत्रकार शिव दुबे व रेलवे रायपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केपीएस काशीपति बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए।

डाक से राखी भेजने पर स्पीड पोस्ट सेवा शुल्क में अब 10 फीसदी की छूट

रायपुर। रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर डाक विभाग ने ग्राहकों के लिए एक विशेष छूट योजना की घोषणा की है। इसके अंतर्गत इनलैंड स्पीड पोस्ट सेवा के तहत बुक किए जाने वाले राखी मेल पर डाक शुल्क में 10 प्रतिशत तक की छूट दी है। यह सुविधा 12 अगस्त से 28 अगस्त तक सभी डाकघरों में लागू रहेगी।

इस छूट का लाभ लेने के लिए ग्राहकों को लिफाफे के आगे स्पष्ट रूप से राखी मेल लिखकर डाकघर के बुकिंग काउंटर पर प्रस्तुत करना होगा। यह छूट केवल खुदरा यानी रिटेल बुकिंग पर लागू होगी तथा एक ग्राहक अधिकतम 5 आर्टिकल एक बार में बुक कर सकेगा। बल्क या कॉर्पोरेट ग्राहकों को यह सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। यह छूट केवल डाक शुल्क पर लागू होगी, वैल्यू एडेड सर्विस शुल्क पर नहीं। डाक विभाग के इस पहल का उद्देश्य रक्षाबंधन के अवसर पर देशभर में बहनों द्वारा अपने भाइयों को भेजने वाले राखी को वितरण के लिए तीव्र, विश्वसनीय एवं किफायती डाक सेवा उपलब्ध कराना है।

कार्नर न्यूज

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर विशेषज्ञों ने गगनयान से मानव अंतरिक्ष उड़ान तक समझाया

एनआईटी में अंतरिक्ष विज्ञान पर मंथन, गगनयान मिशन की तकनीक से इसरो के वैज्ञानिकों ने कराया रूबरू

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के सेंटर ऑफ स्पेस एंड इंटरप्लेंट्री एक्सप्लोरेशन ने नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर इसरो के सहयोग से राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के तहत कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों, गगनयान मिशन, मानव अंतरिक्ष उड़ान और उभरती भू-स्थानिक तकनीकों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और युवा नवोन्मेषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के कार्यवाहक महानिदेशक प्रशांत कविश्वर मुख्य अतिथि तथा इसरो के ह्यूमन स्पेस फ्लाइट सेंटर के उप निदेशक राजेंद्रसिंह पी. बयाली विशिष्ट अतिथि रहे। एनआईटी रायपुर के प्रभारी निदेशक प्रो. समीर बाजपेयी, एचएसएफसी के ग्रुप हेड डॉ. बीएचएम दारुकेश, कोसिन के मेंटर प्रो. एस. सान्याल, डॉ. जया सक्सेना सहित वैज्ञानिक, संकाय सदस्य और विद्यार्थी मौजूद रहे।

बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की भूमिका पर भी चर्चा

डॉ. बीएचएम दारुकेश ने मानव अंतरिक्ष उड़ान में क्रू एस्केप सिस्टम, जीवन-समर्थन प्रणाली, कक्षीय संचालन, पैराशूट तैनाती और क्रू रिकवरी जैसी तकनीकों की जानकारी दी। बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की भूमिका पर भी चर्चा हुई, जिसमें माइक्रोग्रैविटी के मानव शरीर पर प्रभाव और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य से जुड़े विषय शामिल रहे।

युवाओं को शोध और नवाचार में आगे बढ़ने किया प्रेरित

डॉ. जया सक्सेना ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता और विक्रम लैंडर की सफल सॉफ्ट लैंडिंग की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने युवाओं को शोध और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि राजेंद्रसिंह पी. बयाली ने गगनयान मिशन और भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने मानव-रेटेड लॉन्च सिस्टम, अंतरिक्ष यात्रियों के प्रशिक्षण, क्रू सुरक्षा, माइक्रोग्रैविटी प्रयोग और रिकवरी ऑपरेशन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन सहित भारत की दीर्घकालिक योजनाओं का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से अंतरिक्ष में किए जाने वाले छोटे और कम ऊर्जा वाले प्रयोग विकसित करने का आव्हान किया।

सिटी लाइव

नेमिनाथ कल्याणक महोत्सव में दिखेगा त्याग, अहिंसा और वैराग्य का संदेश

रायपुर। भगवान श्री नेमिनाथ के पावन जन्म एवं दीक्षा कल्याणक के उपलक्ष्य में 15 अगस्त शनिवार को भव्य धार्मिक व आध्यात्मिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। भैरव सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम श्री हीरसूरी आराधना भवन में सुबह 9 बजे से शुरू होगा। आयोजन में भगवान नेमिनाथ के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को भावपूर्ण एवं जीवंत प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। महोत्सव में तपस्वी रत्न, प्रखर प्रवचनकारिका एवं सरल हृदया परम पूज्य साध्वीवर्या श्री सिद्धांतज्योति श्री जी म.सा. आदि ठाणा का पावन सान्निध्य प्राप्त होगा।

राजदरबार से जन्मोत्सव तक दिखेंगे मनोहारी प्रसंग

आयोजन की विशेष प्रस्तुतियों में भव्य राजदरबार, भगवान नेमिनाथ के जन्म अवसर पर 14 स्वप्न एवं 56 दिग्कुमारियों द्वारा जन्म महोत्सव, प्रियंवदा द्वारा जन्म की बधाई तथा भगवान नेमिनाथ की बारात जैसे प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं जीवदया और अहिंसा का संदेश देने वाले पशु-पक्षियों की करुण पुकार, रथ पलटने का प्रसंग तथा राजुल के भावपूर्ण विरह-विलाप को भी मंच पर जीवंत किया जाएगा। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान नेमिनाथ के त्याग, वैराग्य, करुणा और अहिंसा के संदेश को श्रद्धालुओं तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भगवान नेमिनाथ से संबंधित प्रश्नोत्तरी भी होगी, जिसमें सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

मध्यप्रदेश के सिंगर देंगे विशेष प्रस्तुति : मध्यप्रदेश से पधार रहे सिंगर लखन भाई अपनी विशेष प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा विमलनाथ महिला मंडल द्वारा भी विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।

धर्म लाइव

संस्कार के अभाव में टूट रहे संबंध और लोग सुखी नहीं

रायपुर। संस्कार में बहुत शक्ति के साथ आत्मीयता से जुड़ी ताकत है, लेकिन अब बेटियों को पढ़ाने और डिग्रियां दिलाने पर पूरा जोर लगा रहे हैं। पढ़ाई कराएं, अच्छी बात है, लेकिन संस्कार भी दें। संस्कार नहीं दे रहे हैं, इसीलिए गृहस्थ जीवन में ग्रहण लग रहा है। न जाने सुख कहां खो गया है, गृहस्थ जीवन में संबंध भी टूटने लगे हैं। सुख तलाशने बाबाओं के पास जा रहे और जंतर-मंतर का सहारा ले रहे हैं। केवल पैसे कमाने में पूरा परिवार लगा हुआ है। कथा संस्कार देती है और इससे जीवन में बदलाव भी आते हैं, कथा की महत्ता है कि वह बदलाव लाती है। कथा को सरल बना दिया गया है, कथा श्रवण कम, बल्कि व्यवस्था, सुविधा, भीड़, प्रसाद, मनोरंजन से कथा को तौला जाता है। कथा को पारिवारिक और धार्मिक जीवन में उतारोगे तो सुख और सम्मान जरूर मिलेगा। समता कालोनी स्थित मैक ऑडिटोरियम में जारी श्रीराम कथा में गुरुवार को यह बात कथा प्रसंग की कड़ी में संत शंभूशरण लाटा महाराज ने श्रोताओं के बीच कही।

कोई गलती हो जाए तो हमारे संस्कार में कोई कमी रह गई

श्रीराम सीता विवाह प्रसंग में विदाई की बेला की बड़ी ही मार्मिक व्याख्या करते हुए बताया कि राजा जनक बेटियों को विदा करते हुए राजा दशरथ से कह रहे हैं कि अगर इनसे कोई गलती हो जाए तो हमारे संस्कार में कोई कमी रह गई है, यह समझ कर इन्हें माफ कर दें। भगवान श्रीराम ने विवाह प्रसंग के माध्यम से संसार को बड़ा संदेश दिया है। नारी के लिए पति ही परमात्मा है। एक समय था, जब भारत की पहचान संस्कारों से होती थी। अगर हम दो परिवारों के बीच रिश्ता जोड़ने वाली बेटियों की बात करें तो उनका संस्कारी होना बहुत ही जरूरी है, लेकिन आज के समय बेटियों को सिर्फ डिग्रियां दिलाने की होड़ मची हुई है। संस्कार के अभाव में संबंध टूट रहे हैं।

समाज इवेंट

स्वामी करपात्री महाराज का प्राकट्योत्सव आज

रायपुर। श्री सुदर्शन संस्थानम शंकराचार्य आश्रम एवं प्रांतीय कार्यालय पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी बिलासपुर रोड रावांभाठा में 14 अगस्त को सुबह 9 बजे से ही भक्तिमय माहौल बनने वाला है। सनातन संस्कृति के प्रहरी, धर्म एवं अध्यात्म के अप्रतिम साधक, शास्त्रों के प्रकाण्ड विद्वान स्वामी करपात्री महाराज के प्राकट्योत्सव का दिव्य आयोजन श्री सुदर्शन संस्थानम प्रांगण में किया जाएगा। श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न होने वाले इस आयोजन के लिए जिम्मेदारी तय की गई है। इस पावन अवसर पर धर्मप्रेमी सपरिवार शामिल होंगे। सभी एकत्र होकर धर्मसम्राट स्वामी करपात्री महाराज को स्मरण एवं आदर्शों को नमन करेंगे। सनातन धर्म, संस्कृति और गौसेवा के प्रति अपने संकल्प को और दृढ़ करेंगे।

श्रद्धालुओं को सेवा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा

सुबह संस्थानम में होने वाले धार्मिक आयोजन की श्रृंखला में पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक के बाद प्रकृति से लोगों को जोड़ने के लिए पौधारोपण किया जाएगा। इसके बाद गोसेवा की कड़ी में आयोजन से जुड़े श्रद्धालुओं को सेवा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। धर्म, अध्यात्म एवं सेवा के इस दिव्य अनुष्ठान में सहभागी बनने के लिए शिष्य, गोसेवक और धर्मसम्राट स्वामी करपात्री महाराज के श्रीचरणों में श्रद्धासुमन भी अर्पित करेंगे। वहीं धर्म संवाद का सिलसिला भी श्रद्धालुओं के बीच चलेगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रति श्रृंखला के लिए अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारी दी गई है।

राजधानी के प्रमुख राधा-कृष्ण मंदिरों में उत्साह से पहुंच रहे भक्त, विधि-विधान से सजावट और सेवा

ठाकुरजी के श्रीधाम में हरियाली, पान बीड़ा और हरे-भरे हिंडोले पर विराजे आराध्य, श्रद्धालुओं ने किए दिव्य दर्शन

शहर के श्री गिरिराज मंदिर में गुरुवार की शाम उत्सव का माहौल रहा। सावन में ठाकुरजी की सेवा का उत्साह चरम पर है। हर दिन किसी खास स्वरूप में सेवा करने का मनोरथ किया जा रहा है। इस श्रृंखला में हरेली अमावस्या के दूसरे दिन हरियाली का मनोरथ दर्शन करने भारी तादाद में भक्त पहुंचे। पान के बीड़ा से आराध्य के तीन हिंडोले सजाए गए। इसके लिए प्रतिदिन मुखिया के मार्गदर्शन में महिलाओं का समूह सेवा देता है। शाम को शयन दर्शन उत्सव मनाया गया।

रायपुर। बूढ़ापारा स्थित श्री गिरिराज मंदिर सहित श्रीकृष्ण मंदिरों में इन दिनों शाम को भक्तों की भीड़ बढ़ने लगी है। हिंडोला उत्सव का भव्य शुभारंभ होने से हर शाम को शयन दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ भी बढ़ने लगी है। गुरुवार को मुखिया अभिषेक त्रिवेदी के मार्गदर्शन में सुबह आरती-पूजन के बाद से ही हरियाली का मनोरथ और शयन दर्शन के लिए तैयारी का सिलसिला शुरू हुआ। दिनभर सेवा के बीच ठाकुरजी को हरियाली से सराबोर करने के लिए पान के बीड़ा से अलौकिक हिंडोला सजाया गया।

श्री धाम में विविध फूलों की सुगंधित किया। गुरुवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में तैयारी करती नजर आई। सदर बाजार के गोपाल मंदिर, बुढ़ापारा में गिरिराज मंदिर और गोकुलचंद्रा मंदिर में विशेष सजावट की परंपरा निभाई जा रही है।

ठाकुरजी के श्रीधाम प्रांगण को रंगबिरंगे फूलों और पान के बीड़ा से सजाया गया। वहीं ठाकुरजी को हरे रंग के परिधान और श्रृंगार अर्पित करने के बाद हिंडोले पर विराजमान करते हुए भक्तों ने राधारानी को सोलह श्रृंगार में दर्शन प्राप्त किया। देर शाम मंदिरों में ढोल, मंजीरे और शंख की गूंज के बीच श्रद्धालु भजन-कीर्तन में रमे।

भक्तों को शयन दर्शन करने का मिला अवसर

मुखिया श्री त्रिवेदी ने बताया कि हिंडोला उत्सव श्रावण शुक्ल पक्ष की एकादशी से लेकर पूर्णिमा तक प्रतिदिन अलग-अलग सजावट और झूले की थीम के साथ मनाने की परंपरा करीब सौ साल से निभाई जा रही है। हर दिन ठाकुरजी को नए और खास वस्त्र, आभूषण और झूले की श्रृंखला से जोड़ने की पहल भक्तों के सहयोग से किया जा रहा है। शाम 7 बजे पहले दिन सैकड़ों भक्तों को दर्शन करने का अवसर मिला। इसी तरह बुढ़ापारा में गोकुलचंद्रा मंदिर में भी हिंडोला उत्सव से अलग-अलग दिन थीम बेस्ड किया जा रहा है। ठाकुरजी की मोहिनी मूरत देखने लोग परिवार के साथ पहुंच रहे हैं।

दिव्य श्रृंगार और अलौकिक स्वरूप का दर्शन

गोपाल मंदिर में भी श्रीकृष्ण और राधारानी की आस्था में सावन को थीम बेस्ड किया जा रहा है। किसी दिन विशेष को ही नहीं, 32 दिनों तक चलने वाले उत्सव की श्रृंखला में हर शाम को भक्त सपरिवार विग्रह का अलौकिक दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। मुखिया और पुजारियों के मार्गदर्शन में हरियाली अमावस्या से विशेष रूप से भव्य हिंडोला तैयार करने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसमें प्रतिदिन विभिन्न वस्तुओं से हिंडोले को सजाया जाने लगा है। श्री गिरिराज मंदिर में आज हरियाली का मनोरथ किया गया। दिव्य श्रृंगार और अलौकिक स्वरूप का दर्शन करने के लिए सैकड़ों लोग मंदिर पहुंचे।

विद्यार्थी जीवन भविष्य की मजबूत नींव तैयार करने का सबसे महत्वपूर्ण समय

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने निवास कार्यालय में सरगुजा जिले के ग्रामीण अंचलों से शैक्षणिक भ्रमण पर आए मेधावी छात्र-छात्राओं ने सौजन्य मुलाकात की। अंबिकापुर क्षेत्र के सात शासकीय विद्यालयों के लगभग 50 विद्यार्थियों से मुख्यमंत्री श्री साय ने आत्मीय संवाद किया और उनके अनुभव, रुचियों तथा भविष्य के सपनों के बारे में जाना।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में बड़ा लक्ष्य निर्धारित करने और उसे हासिल करने के लिए पूरी लगन, अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य की मजबूत नींव तैयार करने का सबसे महत्वपूर्ण समय है। इस दौर में देखा गया सपना और उसे पूरा करने के लिए किया गया परिश्रम जीवन की दिशा तय करता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा बड़े सपने देखने चाहिए और उन सपनों को साकार करने के लिए पूरे मनोयोग से प्रयास करना चाहिए। कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से जीवन में कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

परिश्रम और समय का सदुपयोग आवश्यक

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन व्यक्ति के संपूर्ण जीवन की नींव होता है। जिस प्रकार किसी मजबूत भवन के लिए उसकी नींव मजबूत होना आवश्यक है, उसी प्रकार उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, परिश्रम और समय का सदुपयोग आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से इस महत्वपूर्ण समय का उपयोग अपने लक्ष्य को पहचानने, ज्ञान अर्जित करने और व्यक्तित्व निर्माण में करने का आह्वान किया। शैक्षणिक भ्रमण में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकालों, बकिरमा, सुखरी, रामपुर, मेंड्राकला एवं करजी तथा शासकीय सेजेस केशवपुर के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी), ट्राइबल म्यूजियम और छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग कार्यालय सहित विभिन्न प्रमुख संस्थानों एवं स्थलों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने इन संस्थानों की शैक्षणिक गतिविधियों, अध्ययन के अवसरों और भविष्य की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। राजधानी और नवा रायपुर के प्रमुख संस्थानों को नजदीक से देखने का अनुभव विद्यार्थियों के लिए उत्साहवर्धक रहा।

मित्तल हॉस्पिटल में डेढ़ माह में मल्टीपल मायलोमा के 3 मरीजों का स्टेम सेल ट्रांसप्लांट

रायपुर। मित्तल हॉस्पिटल, रायपुर में पिछले डेढ़ माह के दौरान मल्टीपल मायलोमा से पीड़ित तीन मरीजों का सफलतापूर्वक ऑटोलॉगस बोन मैरो/स्टेम सेल ट्रांसप्लांट किया गया। इनमें से दो मरीजों का उपचार मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत प्राप्त सरकारी अनुदान से निशुल्क किया गया। आर्थिक रूप से जरूरतमंद मरीजों के लिए यह सुविधा महत्वपूर्ण है, क्योंकि स्टेम सेल ट्रांसप्लांट जटिल और खर्चीली उपचार प्रक्रिया है। इन सभी मरीजों का उपचार एवं निगरानी डॉ. निहार गुप्ता और डॉ. अभिनीत देशमुख के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ने की। अस्पताल में करीब तीन वर्षों से बोन मैरो एवं स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध है। बता दें कि मल्टीपल मायलोमा एक प्रकार का रक्त कैंसर है, जिसमें बोन मैरो की प्लाज्मा कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं। इससे हड्डियों में दर्द या कमजोरी, खून की कमी, किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित होने और बार-बार संक्रमण जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

आधुनिक उपचार से लंबे समय तक नियंत्रित

उपयुक्त मरीजों में प्रारंभिक दवा उपचार के बाद मरीज के अपने रक्त से स्वस्थ स्टेम कोशिकाएं एकत्र कर सुरक्षित रखी जाती हैं। इसके बाद हाई-डोज कीमोथेरेपी, सामान्यतः मेल्फेलान, दी जाती है। फिर सुरक्षित रखी गई स्टेम कोशिकाओं को दोबारा शरीर में प्रवाहित किया जाता है, जिससे बोन मैरो में स्वस्थ रक्त कोशिकाओं का निर्माण शुरू होता है। अस्पताल में विशेष ट्रांसप्लांट यूनिट, एचईपीए फिल्ट्रेशन, नियंत्रित वातावरण और प्रशिक्षित मेडिकल-नर्सिंग स्टाफ की व्यवस्था है। डॉ. निहार गुप्ता ने कहा कि आधुनिक उपचार के कारण मल्टीपल मायलोमा को लंबे समय तक नियंत्रित किया जा सकता है। उपयुक्त मरीजों में स्टेम सेल ट्रांसप्लांट बीमारी को अधिक गहराई से नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

शहर के आसपास गांवों के स्थानीय कुम्हार चाक पर मिट्टी के बैल, खिलौने व बर्तन को गढ़ने व रंगाई में व्यस्त

कार्नर न्यूज

पोला-तीजा पर्व की तैयारी शुरू, मिट्टी के बैल व खिलौनों को आकार देने में जुटे कारीगर

रायपुर। प्रदेश में पारंपरिक तीजा-पोला तिहार की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर के आसपास गांवों के स्थानीय कुम्हार चाक पर मिट्टी के रंग-बिरंगे बैल, चूल्हा, जांता-चक्की, चुकिया और बच्चों के खेलने के लिए विभिन्न आकर्षक मिट्टी के खिलौने गढ़ने और उन्हें सजाने में जुटे हुए हैं। शहर के महादेवघाट, रायपुरा, भाठागांव के कुम्हारों ने बताया कि एक महीने पहले से ही तीजा-पोला तिहार के लिए विभिन्न आकर्षक मिट्टी के खिलौनों को आकार देने के लिए आवश्यक सामग्रियों का इंतजाम कर चाक पर आकार देने का काम शुरू कर दिया गया है। चूंकि, इस वर्ष सितंबर महीने के दूसरे सप्ताह में तीजा-पोला का तिहार आयोजित होगा, ऐसे में मिट्टी के खिलौने व बर्तनों को आकार देने और उनकी रंग-रंगाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस पर्व पर मिट्टी से बने बैल की पूजा-अर्चना की जाती है। मिट्टी से बने बैल के साथ पोला-जांता के खिलौने की भी पूजा की जाती है। बाजार में पर्व के चलते लोगों में मिट्टी के रंग-बिरंगे बैल, चूल्हा, जांता-चक्की, चुकिया और बच्चों के खेलने के लिए विभिन्न आकर्षक मिट्टी के खिलौने की भारी मांग रहती है। महादेवघाट के कुम्हार राजेश प्रजापति का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस साल खिलौने का भाव थोड़ा बढ़ा रहेगा।

मिट्टी के बने नंदिया बैल व खिलौनों की पूजा का महत्व

कालीबाड़ी चौक पर मिट्टी की सामग्रियों के विक्रेता व निर्माता कुंभकारों का कहना है कि तीजा-पोला पर मिट्टी के बैल और खिलौनों की पूजा का महत्व है। इसी वजह से इन मिट्टी से बनी सामग्रियों की भारी मांग रहती है। इसी के मद्देनजर वे मिट्टी के बैल और खिलौने बड़ी मात्रा में बनाते हैं और बाजार, मोहल्लों तथा ग्रामीण अंचलों के बाजारों में बिक्री के लिए जाते हैं। वहीं, रामसागर पारा के स्थानीय कारपेंटरों का कहना है कि वे लकड़ी के नंदिया बैल व खिलौने बना रहे हैं, जो अगस्त के अंतिम सप्ताह से बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध हो जाएंगे।

कारीगरों में विशेष उत्साह का माहौल

तीजा-पोरा को लेकर कुंभकारों में गजब का उत्साह है। कारीगरों का कहना है कि मिट्टी के नंदिया बैल व खिलौने बड़ी मात्रा में तैयार किए जा रहे हैं। इस बार मिट्टी के बैलों और खिलौनों की अच्छी बिकवाली की आस है। पिछले साल दाम 50 रुपए थे तो वहीं इस साल इनके कुछ महंगे बिकने की संभावना है। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पोला और तीजा त्योहार को लेकर कुंभकारों में विशेष उत्साह नजर आ रहा है। वे मिट्टी के नंदिया बैल, चूल्हा, भाड़ा और तरह-तरह के रंग-बिरंगे मिट्टी के खिलौने गढ़ने में व्यस्त हैं। ग्रामीण और शहरी बाजारों में इन पारंपरिक कलाकृतियों की मांग बढ़ जाती है।

सिटी स्पोर्ट्स

प्रेसिडेंशियल कप क्रिकेट में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी छा गए

भिलाई। एशियाई टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन के निर्देशानुसार भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन की ओर से पश्चिम बंगाल के जय गांव में 7 अगस्त से 10 अगस्त तक तीसरी प्रेसिडेंशियल कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत की महिला एवं पुरुष टीम विजेता बनी। महिला वर्ग में भारत एवं भूटान के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले मे भारत ने 42 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 10 ओवर में 82 रन बनाए। छत्तीसगढ़ की भूमिका साहू ने 25 गेंद में 20 रन बनाए। भारत की ओर से उत्तर प्रदेश की खिलाड़ी मुस्कान ने शानदार बल्लेबाजी की और उनके इस प्रदर्शन के आधार पर प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भूटान की टीम 40 रन बनाकर ऑल आउट हो गई । गेंदबाजी में छत्तीसगढ़ की मेघा देशमुख ने दो विकेट लिए। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में भी भारतीय टीम ने भूटान की टीम को 18 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 10 ओवर में 74 रन बनाए। छत्तीसगढ़ के प्रभात ने 22 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी भूटान की टीम 56 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। छत्तीसगढ़ के प्रभात ने दो ओवर में 12 रंन देकर तीन विकेट लिए। यह जानकारी छत्तीसगढ़ टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सचिव आजाद अहमद ने दी।

नेशनल कराटे प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने जीते 11 पदक

रायपुर। कराते एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में नेशनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 9 अगस्त तक चिन्सुरह हुगली (पश्चिम बंगाल) में कराया गया।जिसमें देशभर के सभी राज्यों से 3000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ राज्य से 52 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपना दम दिखाया। इन खिलाड़ियों के साथ बिलासपुर के तीन निर्णायक (रेफरी) अशोक वर्मा, प्रतीक सोनी एवं ठाकुर कर्ण सिंह ने स्पर्धा में ऑफिशियल की भूमिका निभाया। छत्तीसगढ़ के 11 खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त कर राज्य का नाम रोशन किया है। जिसमें एक स्वर्ण पदक तीन रजत पदक एवं सात कांस्य पदक शामिल है। इन सभी विजेता खिलाड़ियों को कराते एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष सुशील चंद्र एवं कोषाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ कराते एसोसिएशन के महासचिव अविनाश शेट्टी ने अपनी शुभकामनाएं दी। बिलासपुर की इच्छा नेताम ने बालिका वर्ग 17 वर्ष आयु कैटेगरी में कांस्य पदक शहर का नाम रौशन किया है । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ योग आयोग के पूर्व सदस्य रविंद्र सिंह विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। इस दौरान बिलासपुर कराटे एकेडमी के अध्यक्ष ठाकुर कर्ण सिंह, सचिव शिवानी बुधौलिया, प्रशांत पांडे, संगीत मोइत्रा, बबलू केशरवानी, पूनम चंद कौशिक, सिमरन सिंह अरोरा और राज चौहान आदि उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय यूथ एथलेटिक्स स्पर्धा के लिए बनी आयोजन समिति

रायपुर। बिलासपुर जिला एथलेटिक संघ एवं छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ की ओर से राज्य स्तरीय यूथ एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 17 एवं 18 अगस्त को बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 18 वर्ष के खिलाड़ियों के लिए आयोजित है। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में आयोजन समिति के अध्यक्ष सौरभ राय, सचिव टी.रमेश बाबू एव कोषाध्यक्ष तरुण मंडल को बनाया गया। इस बैठक में ए. एक्का सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जसविंदर भाटिया (द्रोणाचार्य अवार्डी) खेल विभाग, अमर नाथ सिंह महासचिव राज्य एथलेटिक्स संघ, सुशील मिश्रा उपाध्यक्ष, पी. जी. जय किशन मुख्य प्रशिक्षक, कुलदीप सिंह बरार एचपीएम खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सुशील अमलेश क्रीड़ा अधिकारी, स्नेहिल यादव सहायक प्रशिक्षक और तरुण मंडल आदि उपस्थित थे। आयोजन समिति के तकनीकी अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा एवं पी. जी. जय कृष्णनन होंगे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के प्रवक्ता हेमंत सिंह परिहार ने दी।

आयरन की कमी से महिलाओं की सेहत होती है सर्वाधिक प्रभावित

महिलाओं के स्वास्थ्य पर ज्यादा प्रभावी भूमिका होती है आयरन की, कमी होने पर बदलाव करें आहार में

शरीर के लिए आयरन सबसे महत्वपूर्ण खनिजों में से एक है, खासकर महिलाओं के लिए। मासिक धर्म और गर्भावस्था के कारण उनमें अक्सर इसकी कमी हो जाती है जो एनीमिया का कारण बन सकती है। आयरन शरीर के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण खनिज है, जिसका मुख्य काम हीमोग्लोबिन बनाना है। हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं में मौजूद वह प्रोटीन है जो फेफड़ों से ऑक्सीजन को पूरे शरीर के अंगों तक पहुंचाता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक आयरन की आवश्यकता होती है और यही वजह है कि उनमें इसकी कमी एक आम समस्या है। मासिक धर्म के दौरान हर महीने होने वाले रक्तस्राव के कारण महिलाओं में आयरन की मात्रा कम हो जाती है। इसके अलावा गर्भावस्था और बच्चे के जन्म के समय भी शरीर को अतिरिक्त आयरन की जरूरत होती है ताकि मां और बच्चे दोनों का स्वास्थ्य ठीक रहे। आयरन की कमी से एनीमिया हो सकता है जो महिलाओं में बहुत ज्यादा देखने को मिलता है। इसलिए आइए इस लेख में जानते हैं कि आयरन की कमी के मुख्य लक्षण क्या होते हैं साथ ही ये भी जानेंगे कि महिलाओं को आयरन की कमी दूर करने के लिए किन चीजों को शामिल करना चाहिए।

आयरन की कमी के मुख्य लक्षण

शरीर में आयरन की कमी होने पर कुछ सामान्य लक्षण दिखाई देने लगते हैं, जिन्हें अक्सर थकान समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। सबसे आम लक्षण है लगातार थकान और कमजोरी महसूस होना, क्योंकि शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाता। इसके अलावा त्वचा का पीला पड़ना, सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आना और सिरदर्द भी इसके लक्षण हैं। आयरन की कमी से हाथ और पैर ठंडे होने लगते हैं, नाखून नाजुक होकर टूटने लगते हैं, और बालों का झड़ना भी बढ़ जाता है। इन लक्षणों को नजरअंदाज करना सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि आप ऐसे लक्षण महसूस करते हैं तो आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेना चाहिए।

आहार में करें ये बदलाव

अगर आपके शरीर में आयरन की कमी है, तो सबसे पहले अपने आहार में बदलाव करना जरूरी है। शाकाहारी लोगों के लिए आयरन से भरपूर कई विकल्प मौजूद हैं। हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक और मेथी आयरन के बहुत अच्छे स्त्रोत हैं। इसके अलावा, दालें (जैसे मसूर दाल), चना और राजमा को भी अपनी डाइट में शामिल करें। सूखे मेवे जैसे किशमिश और खजूर, और बीज जैसे कद्दू के बीज और तिल भी आयरन से भरपूर होते हैं।

इस बात विशेष ध्यान रखें

सबसे खास बात आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के साथ विटामिन-सी वाले फल जैसे संतरा, नींबू या अमरूद का सेवन करने से आयरन का अवशोषण बेहतर होता है। गुड़ और तिल के लड्डू जैसी चीजें भी आयरन को प्राकृतिक रूप से बढ़ाने में मदद कर सकती हैं। इसके अलावा कुछ ऐसी चीजों से बचना चाहिए जो आयरन के अवशोषण को कम करती हैं, जैसे कि खाने के तुरंत बाद चाय या कॉफी न पीएं।

क्या करें?

महिलाओं के लिए आयरन का महत्व बहुत ज्यादा है और इसकी कमी से कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। एक संतुलित और आयरन से भरपूर आहार इस कमी को पूरा करने का सबसे अच्छा तरीका है। यदि आपको लगता है कि आपके शरीर में आयरन की कमी है, तो खुद से दवा लेने के बजाय किसी डॉक्टर या पोषण विशेषज्ञ से सलाह लें। वे आपकी सेहत के अनुसार सही डाइट और सप्लीमेंट्स की सलाह दे सकते हैं, जिससे आप स्वस्थ जीवन जी सकें।



एसिडिटी को दूर भगाने करें योगासनों का अभ्यास, पेट की अन्य समस्याएं होंगी दूरी

गैस व एसिडिटी की समस्या आम है, हालांकि कई बार यह स्थिति गंभीर हो जाती है। खराब जीवनशैली और असंतुलित खानपान के कारण पेट संबंधित परेशानियां हो सकती हैं। एसिडिटी या गैस की समस्या से राहत पाने के लिए कई बार लोग दवाओं का सहारा लेते हैं। हालांकि दवाओं से लंबे समय तक पेट संबंधित बीमारियों का इलाज नहीं करना चाहिए।

तीखा, मसालेदार खाना और अत्यधिक मीठे खाद्य पदार्थों के अत्यधिक सेवन से गैस व एसिडिटी की शिकायत बढ़ सकती है। धूम्रपान, चाय और कॉफी इस समस्या को बढ़ा देते हैं। कुछ सरल योगासनों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर इस समस्या से निजात पा सकते हैं। पेट से जुड़ी बीमारियों जैसे अपच, गैस या एसिडिटी का उपचार ध्यान और योग के जरिए किया जा सकता है। योग से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है और एसिडिटी व गैस को कम किया जा सकता है।

वज्रासन

भोजन को पचाने के लिए और गैस व एसिडिटी की संभावना को कम करने के लिए वज्रासन असरदार है। वज्रासन योग पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। कब्ज, एसिडिटी, बवासीर, आंतों की गैस आदि के ठीक रखने के लिए वज्रासन योग कर सकते हैं। वज्रासन करने के लिए घुटनों के बल बैठकर दोनों पैरों की उंगलियां एक साथ रखें और एड़िया अलग रखें। सिर और पीठ को सीधा रखते हुए घुटनों को आपस में जोड़ लें। आंख बंद करके सामान्य रूप से सांस लें और कम से कम 10 मिनट तक बैठें।

बालासन

एसिडिटी की समस्या को दूर करने के लिए बालासन कर सकते हैं। इस आसन से पेट के अंदरूनी अंगों की अच्छी तरह से मालिश होती है। इस योग को करने के लिए रीढ़ को सीधा रखते हुए वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं। सांस लेते हुए दोनों हाथों को ऊपर उठाएं। सांस छोड़ते हुए दोनों हाथों को सीधा रखते हुए माथा जमीन पर टिकाएं। इसके बाद कमर के ऊपरी हिस्से को आगे की ओर झुकाएं और 30 सेकेंड तक इसी मुद्रा में बने रहें। फिर वज्रासन मुद्रा में वापस आ जाएं।

हलासन

एसिडिटी और गैस की समस्या को दूर करने के लिए हलासन का अभ्यास कर सकते हैं। कब्ज, अपच और अन्य पाचन समस्याओं के लिए हलासन असरदार है। इस आसन को करने के लिए पीठ के बल लेटकर हथेलियां जमीन की तरफ रखें। सांस भरते हुए अपने पैरों को ऊपर उठाएं और 90 डिग्री का कोण बनाएं। धीरे धीरे सांस छोड़ते हुए पैरों के पंजों को जमीन से छूने की कोशिश करें।

छत्तीसगढ़ में लागू होंगी खेल की आधुनिक प्रशिक्षण तकनीक

रायपुर। खेल और युवा कल्याण विभाग ने छत्तीसगढ़ में खेलों को नई दिशा देने और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण को आधुनिक और वैज्ञानिक रूप से बेहतर बनाने के लिए एक अहम पहल की है। अलग-अलग खेलों से जुड़े बारह कोच ने 3 से 7 अगस्त तक पटियाला के नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में आयोजित पांच दिवसीय उन्नत खेल शिक्षण एवं खेल विज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस प्रशिक्षण का मकसद सिर्फ़ प्रशिक्षकों को नई जानकारी देना नहीं था, बल्कि राज्य के खेल मैदानों पर खेल विज्ञान और आधुनिक प्रशिक्षण तकनीकों को लागू करके छत्तीसगढ़ की प्रशिक्षण व्यवस्था में सकारात्मक और लंबे समय तक चलने वाले बदलाव लाना था।

कार्यक्रम के दौरान, विशेषज्ञों ने प्रशिक्षकों को खेल शारीरिक विज्ञान, स्पोर्ट्स बायोमैकेनिक्स, खेल मनोविज्ञान, शारीरिक क्षमता संवर्धन, खेल पोषण, रिकवरी और चोट से बचाव, प्रदर्शन का विश्लेषण और उन्नत खेल प्रशिक्षण जैसे अहम क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया गया। इन वैज्ञानिक तरीकों को अब छत्तीसगढ़ में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण में लागू किया जा सकता है। खिलाड़ी की गति, ताकत, सहनशक्ति, तकनीक, फिटनेस और ट्रेनिंग के बोझ का वैज्ञानिक रूप से आंकलन करके, उनकी खास क्षमताओं के हिसाब से व्यक्तिगत प्रशिक्षण योजना तैयार की जा सकती है। खेल बायोमैकेनिक्स खिलाड़ी की तकनीक में छोटी-मोटी कमियों की पहचान करने और उन्हें सुधारने में मदद करेगा। खेल फिजियोलॉजी खिलाड़ी की शारीरिक क्षमता और रिकवरी का बेहतर आकलन करने में मदद करेगी, जबकि खेल मनोविज्ञान उनके एकाग्रता, आत्मविश्वास, मानसिक मजबूती और दबाव को संभालने की क्षमता को बेहतर बनाने में मदद करेगी। शारीरिक क्षमता संवर्धन तकनीकें खिलाड़ी की ताकत, गति, पावर और फुर्ती का वैज्ञानिक रूप से विकास करने में मदद करेंगी। खेल पोषण की जानकारी हर खिलाड़ी की ज़रूरतों के आधार पर सही पोषण की योजना बनाने में मदद करेगी।

प्रशिक्षण में शामिल हुए प्रदेश भर के कोच

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न खेलों से जुड़े कोच शामिल हुए। इनमें हिमांशु चंद्राकर (एथलेटिक्स, रायपुर), सरिता यादव (फुटबॉल,रायपुर), भूपेंद्र हिरवानी (फुटबॉल, दुर्ग), दुर्गेश नंदिनी गोस्वामी (तीरंदाजी, रायपुर), स्नेह कुमार यादव (एथलेटिक्स, बिलासपुर), अनीस अहमद (हॉकी, जशपुर), आरती शिंदे (हॉकी, राजनांदगांव), श्रद्धा सोनवानी (तीरंदाजी, रायपुर) तथा रश्मि संध्या तिर्की (हॉकी, रायपुर) हरगुलशन सिंह (वॉलीबॉल, बिलासपुर), टी. निंगराज रेड्डी (सॉफ्टबॉल, रायपुर) और दिल कुमार राठौर (कबड्डी, बिलासपुर) हैं।

वास्तु के अनुसार बेडरूम बनाएं और चैन की नींद लें

बेडरूम वह जगह है जहां आप अपनी दिन भर की थकान को मिटाकर नई उर्जा प्राप्त करते हैं। वास्तु के अनुसार वैवाहिक जीवन को प्रेम और सुकून से जीने के लिए पति-पत्नी का शयनकक्ष बहुत महत्व रखता है।

सही दिशा देख लें

वास्तुविज्ञान में सुखी दांपत्य के कुछ नियम बताये गये हैं जिसके अनुसार संबंधों, जुड़ाव और दक्षता के जोन दक्षिण-पश्चिम में बेडरूम होने से पति-पत्नी लगातार अपने-अपने कार्यों में दक्षता हासिल करते हैं और दोनों मिलकर अपने परिवार का भी पूरा ध्यान रखते हैं। इसी प्रकार दंपत्ति अपनी विवाहित जिंदगी को जीने के लिए प्रेम और आकर्षण की दिशा उत्तर-उत्तर-पश्चिम के क्षेत्र में अपना शयनकक्ष बना सकते हैं, इस दिशा में कमरा होने से उनके आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता आती है, जिससे जीवन में प्रेम बना रहेगा। पश्चिम जोन लाभ और प्राप्तियों का है ,इसलिए इस जोन में बना बेडरूम दंपत्ति के लिए जीवन के हर क्षेत्र में लाभ और धन की प्राप्ति के लिए श्रेयस्कर है। पति-पत्नी को उत्तर पूर्व दिशा के कमरे में या इस दिशा में बेड लगाने से परहेज करना चाहिए। वास्तु विज्ञान के अनुसार उत्तर- पूर्व दिशा का स्वामी गुरु होता है, जो यौन संबंध में उत्साह की कमी लाता है जिसकी वजह से दांपत्य जीवन नीरस होने लगता है और आपस में तालमेल की भी कमी आती है। अग्नि के दिशा क्षेत्र दक्षिण-पूर्व में बेडरूम होने से पति-पत्नी का व्यवहार बेवजह ही आक्रामक होता जाता है और कई बार छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करना उसकी आदत में शामिल हो जाता है जिससे दोनों के बीच मनमुटाव रहता है।



रेबीज से सबसे ज्यादा मौत भारत में, पिटबुल की आक्रमकता आनुवंशिक, देशी प्रजाति बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंकड़ों के मुताबिक, दुनिया में रेबीज के चलते सर्वाधिक मौत भारत में होती हैं। इसका एक बड़ा कारण लोगों द्वारा रेबीज वैक्सीनेशन नहीं करवाना है। रेबीज वैक्सीनेशन के साथ ही लोगों को कुत्तों की उन प्रजातियों का चुनाव भी सावधानी से करना चाहिए जिन्हें वे पालने जा रहे हैं। पिटबुल कुत्तों की सर्वाधिक एग्रेसिव प्रजाति है। उनमें आक्रमकता आनुवंशिक रुप से आती है। देशी प्रजातियां सर्वाधिक बेहतर होती है। आप गली-मोहल्ले के कुत्तों को पालने के लिए चुन सकते हैं। ये जानकारी पशु चिकित्सक डॉ.पद्म जैन ने गुरुवार को एक प्रेसवार्ता में साझा की। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को रेबीज मुक्त भारत के संकल्प को पूर्ण करने निशुल्क रेबीज टीकाकरण आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन का लगातार 22वां वर्ष है। पालतू कुत्ते-बिल्लियों के साथ-साथ गली-मोहल्ले के जानवरों को भी टीका लगाया जाएगा। लोग उन्हें भी लेकर आ सकते हैं। गत वर्ष की तरह इस बार भी जानवरों के साथ-साथ उनके मालिक या पशु सेवा करने वाले लोगों को भी रेबीज का टीका लगाया जाएगा। पिछले वर्ष एक ही दिन 1500 से अधिक लोगों को एक ही दिन रेबीज टीका लगाने का रिकॉर्ड बनाया गया था। प्रतिदिन पशुओं के संपर्क में रहने वाले एनिमल वॉलंटियर्स, एनिमल रेस्क्यूअर्स, एनिमल फीडर्स और एनिमल हैंडलर्स भी इसका हिस्सा बन सकते हैं।

- बीते वर्ष एक ही दिन में सर्वाधिक रेबीज टीकाकरण का बनाया गया था रिकॉर्ड
- पालतू के साथ गली-मोहल्लों के कुत्ते-बिल्लियों को भी लगाया जाएगा निशुल्क रेबीज टीका

दिए जाएंगे निशुल्क पौधे

एंटी रेबीज टीकाकरण के साथ लोगों को निशुल्क पौधे भी वितरित किए जाएंगे। निशुल्क एन्टीरेबीज टीकाकरण एवं पौध वितरण शंकर नगर स्थित अशोका टॉवर के एक पेट क्लिनिक में किया जाएगा। नेचर एंड हेल्थ वेलफेयर सोसायटी की मदद से यहां फलदार पौधों का वितरण होगा। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक टीकाकरण और पौध वितरण किया जाएगा।

पार्वो और डिस्टेंपर निशुल्क करना कठिन

रेबीज के अलावा कुत्ते-बिल्लियों में होने वाली मुख्य बीमारी पार्वो और डिस्टेंपर के विषय में भी चिकित्सकों ने चर्चा की। उन्होंने कहा कि डिस्टेंपर और पार्वो के वैक्सीन अत्यधित महंगे होते हैं। इन्हें नियमित अंतराल में लगवाना होना अनिवार्य होता है। इन्हें निशुल्क करना फिलहाल संभव नहीं है। शासन स्तर पर भी इस दिशा में फिलहाल कोई प्रयास नहीं हो रहे हैं। लेकिन जिन्होंने कुत्ते या बिल्ली पाले हैं, उन्हें डिस्टेंपर और पार्वो वैक्सीन अपने पालतू को जरूर लगवाने चाहिए। ये जीवन रक्षक साबित होते हैं।

खबर संक्षेप

मरीन ड्राइव में ध्वज फहराने से पूर्व टेस्टिंग

रायपुर। रायपुर राजधानी के तेलीबांधा तालाब क्षेत्र स्थित मरीन ड्राइव में ध्वज गायब लोग हैरान शीर्षक से हरिभूमि की खबर का असर देखने को मिला है। गुरुवार को योजना शाखा की टीम ने मरीन ड्राइव में 82 मीटर हाई मास्ट पोल पर स्वतंत्रता दिवस से पूर्व ध्वज फहराने गुरुवार को ध्वज फहराकर टेस्टिंग की। मरीन ड्राइव पर स्थापित इस ध्वज को देश के दूसरे सबसे ऊंचे हाई मास्ट पोल पर स्थापित होने का गौरव मिला है।

स्वतंत्रता दिवस पर मदिरा दुकानें रहेंगी बंद

रायपुर। प्रदेश में संचालित सभी देशी मदिरा, विदेशी मदिरा दुकान, कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं मद्यभंडारण भण्डागार तथा एफएल.3 (ग) पर्यटन बार को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बंद रखने शुष्क अवधि घोषित किया गया है। आबकारी आयुक्त कार्यालय नवा रायपुर द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य की समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानों एवं भंडारण भण्डागारों को जिले में संचालित सभी देशी मदिरा, विदेशी मदिरा दुकान, कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं मद्य भंडारण भण्डागार तथा एफएल.3 (ग) पर्यटन बार मद्य भंडागार एवं मंदिर दुकानों को संलग्न अहातों को शुष्क दिवस पर पूर्णतः बंद रखें एवं शुष्क दिवस पर मदिरा का अवैध विक्रय, धारण एवं परिवहन नहीं हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

गांव, गरीब और किसान से टैक्स वसूली की तैयारी का आरोप

रायपुर। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने केंद्र की मोदी सरकार पर पंचायती राज व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण परिवारों से स्थानीय करों की वसूली का दबाव बनाया जा रहा है। चंद्राकर के अनुसार, प्रकाश कर, सफाई कर और अन्य स्थानीय करों के नाम पर ग्रामीण परिवारों पर सालाना 1200 रुपये तक का अतिरिक्त बोझ डाला जा सकता है। उन्होंने कहा, यदि पंचायतों को जनता से निर्धारित करों की वसूली नहीं करने पर फंड में कटौती की चेतावनी दी जा रही है, तो यह पंचायती राज व्यवस्था की स्वायत्तता पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारी पंचायतों पर डालकर ग्रामीण जनता और स्थानीय निकायों के बीच टकराव की स्थिति पैदा कर रही है। उनका आरोप है कि ग्रामीण विकास, मनरेगा, सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं और अब पंचायतों से अपने स्तर पर राजस्व जुटाने को कहा जा रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार पर कॉरपोरेट क्षेत्र के प्रति नरम और ग्रामीण जनता के प्रति कठोर रवैया अपनाने का आरोप लगाया। फैसला वापस लिया जाए उन्होंने कहा, किसान, मजदूर, विधवा पेंशन पर निर्भर परिवार और आदिवासी समुदाय पहले ही आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में स्थानीय करों का अतिरिक्त बोझ उनके लिए परेशानी बढ़ाने वाला होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ग्रामीण जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का फैसला वापस नहीं लिया गया, तो कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच उठाएगी।

कंपनी से वसूल की जाएगी 22 लाख रुपए से अधिक राशि

हथकरघा गोदाम में लाखों की गड़बड़ी, जांच के बाद तत्कालीन गोदाम प्रभारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

हथकरघा संघ के रायपुर गोदाम में लाखों रुपए की गड़बड़ी की खबर हरिभूमि ने प्रकाशित की थी, जिसमें हैदराबाद की मारुति कोटेक्स कंपनी ने संघ को आर्डर दिए गए कपड़ों की जगह वेस्टेज कपड़े भेजे थे। इस मामले में संघ ने जब समिति बनाकर इसकी जांच कराई तो खबर सही निकली। कंपनी ने संघ को कुल 22 लाख 42 हजार 616 रुपए कीमत के वेस्टेज कपड़े भेजे थे, जिसकी जानकारी होने के बावजूद तत्कालीन गोदाम प्रभारी एवं तकनीकी कर्मचारी ने विभाग को अवगत नहीं कराया था। जांच के बाद विभाग ने अब इस मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए तत्कालीन गोदाम प्रभारी को निलंबित कर दिया है, वहीं तकनीकी जांच कर्मचारी जिसकी रिपोर्ट सबसे अहम मानी जाती है, उसे बर्खास्त किया है। यही नहीं, इस मामले में वेस्टेज कपड़ों की डिलीवरी करने वाली मारुति कोटेक्स कंपनी से वेस्टेज कपड़ों के एवज में 2242616 रुपए की राशि वसूल की जाएगी। इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा संघ ने वर्ष 2025-26 में जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा जारी कर हथकरघा ग्रे वस्त्रों के जॉब वर्क के आधार पर मारुति कोटेक्स कंपनी से डाईंग, प्रोसेसिंग एवं प्रिंटिंग का कार्य कराया था। इसके लिए संघ के रायपुर स्थित तत्कालीन गोदाम प्रभारी रामकिशुन देवांगन ने मारुति कोटेक्स हैदराबाद को कुल 65.06 लाख मीटर ग्रे वस्त्र भेजा था, जिसमें से उनके द्वारा 63.16 लाख मीटर फ्रेश वस्त्र और 1.90 लाख मीटर कटपीस, सेकंड क्लास, मिस प्रिंट तथा वेस्टेज कपड़े गोदाम को भेजा गया। संघ के अधिकारियों के अनुसार रामकिशुन ने उन्हें जानकारी दी थी कि मारूति कोटेक्स ने 60236.00 मीटर कटपीस, सेकंड क्लास, मिस प्रिंट एवं वेस्टेज भेजा है, वह संघ के वस्त्र नही है। इस जानकारी के आधार पर इस मामले की जांच के लिए विभाग की जांच समिति गठित की गई।

- वेस्टेज कपड़ा भेजने वाली हैदराबाद की कंपनी मारुति कोटेक्स के खिलाफ भी कार्रवाई

तकनीकी कर्मचारी बर्खास्त



सूचना विलंब से, तकनीकी जांच का प्रतिवेदन भी फर्जी निकला

विभाग के अधिकारी एमएम जोशी ने बताया कि जांच समिति ने जब इस मामले में भौतिक परीक्षण एवं नमूना की जांच किया तो पता चला कि मारुति कोटेक्स ने अलग-अलग तारीख में भेजे गए वस्त्रों में वेस्टेज कपड़े मिले है। इसमें 545, 577, 583, 588 एवं देयक 489 के माध्यम से हथकरघा से भिन्न अन्य वेस्टेज वस्त्रों की कुल मात्रा 60336.00 मीटर है। उन्होंने बताया कि तत्कालीन गोदाम प्रभारी रामकिशुन ने वेस्टेज कपड़ों की सूचना समय पर नहीं दी, वहीं तकनीकी जांच कर्मचारी जिसने नमूना का परीक्षण रिपोर्ट तैयार की थी, उसकी रिपोर्ट में गलत जानकारी पाई गई।

प्रति मीटर 88.61 रुपए का नुकसान

संघ को कंपनी द्वारा भेजे गए वेस्टेज कपड़ा से बड़ा नुकसान हुआ है। अधिकारी के अनुसार संघ को कंपनी की ओर से भेजे गए वेस्टेज वस्त्रों के कारण कुल 2242616 रुपए की हानि हुई है। ग्रे वस्त्र का मूल्य प्रति मीटर 88.61 रुपए है। इस हानि के लिए संघ अब कंपनी से रिकवरी करेगी। इसके लिए कंपनी को नोटिस भी भेजा गया है।

कार्रवाई की है

प्रबंध संचालक राजेश सिंह राणा के निर्देश पर हथकरघा संघ ने वेस्टेज कपड़ा भेजने के मामले में कार्रवाई की है। जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन गोदाम प्रभारी को निलंबित एवं तकनीकी कर्मचारी को बर्खास्त किया है। कंपनी को नुकसान की राशि रिकवरी करने नोटिस भेजा है। कंपनी अगर नुकसान की राशि का भुगतान नहीं करेगी, तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- एमएम जोशी
सचिव, हथकरघा संघ

सिंचाई विभाग की तीन मेगा परियोजना को मिली हरी झंडी

42 हजार हेक्टेयर क्षेत्र होगा सिंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग की तीन महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजनाओं बस्तर की मटनार-देउरगांव बहुउद्देशीय उद्वहन बैराज परियोजना, रायपुर जिले की मोहमेला–सिरपुर बैराज परियोजना तथा गरियाबंद जिले की पैरी परियोजना अंतर्गत सिकासार-कोडार जलाशय लिंक परियोजना को हरी झंडी मिल गई है। राज्य की इन बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं के निर्माण कार्यों में तेजी आने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इन महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण से प्रदेश के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इन परियोजनाओं के पूरा होने पर कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। इन परियोजनाओं से संबंधित निविदा प्रक्रिया को कानूनी वैधता प्राप्त होने से निर्माण कार्यों में संभावित विधिक बाधाएं समाप्त हो गई हैं। अब प्रदेश की इन बहुउद्देशीय परियोजनाओं के माध्यम से सिंचाई विस्तार, जल संरक्षण, पेयजल उपलब्धता, औद्योगिक विकास तथा 21 मेगावॉट स्वच्छ जलविद्युत उत्पादन जैसे बहुआयामी लाभ शीघ्र धरातल पर उतरने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी।

इन परियोजनाओं की लागत

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में इंद्रावती नदी पर प्रस्तावित मटनार-देउरगांव बहुउद्देशीय उद्वहन बैराज परियोजना लगभग 2,000 करोड़ रुपये की लागत से बन रही है। रायपुर जिले के आरंग विकासखंड में महानदी पर स्थित मोहमेला-सिरपुर बैराज परियोजना लगभग 568 से 690 करोड़ की लागत वाली एक प्रमुख उद्वहन (लिफ्ट) सिंचाई योजना है। इसके तहत 26 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाकर लगभग 1,800 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। गरियाबंद जिले की पैरी परियोजना के अंतर्गत सिकासार-कोडार जलाशय लिंक परियोजना लगभग 3,046 करोड़ की लागत से बनने वाली एक महत्वपूर्ण जल संसाधन योजना है। इसके तहत सिकासार जलाशय के अतिरिक्त पानी को भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से कोडार जलाशय तक पहुंचाया जाएगा, जिससे हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई और पेयजल मिल सकेगा।

42 हजार हेक्टेयर से अधिक पर मिलेगी सिंचाई सुविधा

इन परियोजनाओं से प्रदेश की सिंचाई एवं जल संसाधन अवसंरचना को नई मजबूती मिलेगी। बस्तर की मटनार–देउरगांव बहुउद्देशीय उद्वहन बैराज परियोजना से लगभग 16,000 हेक्टेयर कृषि भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही परियोजना से 21 मेगावॉट जलविद्युत उत्पादन का भी प्रावधान है, इससे कृषि के साथ-साथ ऊर्जा क्षेत्र को भी महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। मोहमेला-सिरपुर बैराज परियोजना से लगभग 1,800 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित होगी, जबकि पैरी-सिकासार-कोडार लिंक परियोजना के माध्यम से लगभग 25,000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई, पेयजल एवं औद्योगिक उपयोग हेतु जल उपलब्ध कराया जाएगा।

लगता है ईडी का प्रेस नोट भाजपा दफ्तर में बनाया गया : कांग्रेस

रायपुर। ईडी द्वारा जारी प्रेस नोट पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, जो प्रेस नोट जारी किया है, उससे स्पष्ट हो रहा है कि ईडी का उद्देश्य कांग्रेस की छवि खराब करना है। ईडी बिना किसी प्रमाण के कांग्रेस के नाम का उल्लेख कर भाजपा के राजनैतिक उद्देश्यों को पूरा करने के काम में लगी है। जिन कथित आरोपों को अदालत के सामने रखना है, उसे बिना अदालत में सिद्ध किये मीडिया के माध्यम से जनता के बीच में पहुंचाने का मतलब साफ है कि ईडी केवल और केवल राजनैतिक एजेंडे को लेकर कार्रवाई कर रही है। ईडी की कार्रवाई भाजपा के राजनैतिक बदला निकालने की साजिश का हिस्सा है। कांग्रेस नेता रामगोपाल की गिरफ्तारी भी ईडी और भाजपा की साजिशों का परिणाम है।उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस का सीधा राजनैतिक मुकाबला नहीं कर पा रही तो वह ईडी को आगे कर अपने उद्देश्य पूरा करना चाहती है। जैसे भाजपा का मोर्चा संगठन है वैसे ही ईडी भी अब भारतीय जनता ईडी मोर्चा, आईटी, भारतीय जनता आईटी मोर्चा, सीबीआई, भारतीय जनता सीबीआई मोर्चा बन चुकी है। यह बात छत्तीसगढ़ का एक-एक नागरिक देख रहा है कि कांग्रेस की राजनैतिक गतिविधियां रोकने भाजपा ईडी के साथ साजिश कर रही है।

- ईडी का उद्देश्य कांग्रेस की छवि खराब करना : सुशील

बैज ने कहा- प्रधानमंत्री आवास पर श्वेत पत्र जारी करे सरकार

रायपुर। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री आवास पर राज्य सरकार से श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रधानमंत्री आवास को लेकर सरकार लगातार गुमराह करती रही है। दावा किया था कि उसने 18.5 लाख आवास पूर्ण कर लिया है, जबकि प्रदेश में अभी भी लोगों के आवास की दूसरी किस्त नहीं मिली है। उन्होंने कहा, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 9 जून को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर यह जानकारी दी कि राज्य सरकार ने 18.5 लाख प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कर लिया है। इसी संबंध में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में मिली जानकारी का हवाला देकर 11 अगस्त को बयान जारी किया है कि राज्य में 9.81 लाख आवास पूरा हुआ है। कुल 15.45 लाख आवास का लक्ष्य पिछले 5 साल में रखा गया था, जिसमें 13.55 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं। अब सरकार बताए झूठ कौन बोल रहा? गृहमंत्री विजय शर्मा बोल रहे हैं कि लोकसभा में उनके ही सांसद बृजमोहन अग्रवाल को जो जानकारी मिली है, वह गलत है। श्री बैज ने कहा, लोकसभा में सांसद को मिली जानकारी और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र के विरोधाभास के बारे में सरकार स्पष्टीकरण जारी करे। प्रदेश की जनता को गुमराह किया जाना बंद हो।

- डिप्टी सीएम ने कहा था 18 .5 लाख आवास पूर्ण, लोकसभा में जानकारी 9 .81 लाख आवास की

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की तैयारी माह के अंत या अगले माह संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने अब हर तीन माह में प्रदेश कार्यसमिति जरूरी कर दी है। वैसे तो पहले भी हर तीन माह में प्रदेश कार्यसमिति जरूरी थी, लेकिन इसके लिए राष्ट्रीय कार्यसमिति का इंतजार करना पड़ता था।

कई बार सालभर राष्ट्रीय कार्यसमिति न होने पर प्रदेश कार्यसमिति भी नहीं हो पाती थी, लेकिन अब प्रदेश के लिए हर तीन माह में कार्यसमिति जरूरी कर दी गई और कहा गया है कि इसके लिए राष्ट्रीय कार्यसमिति का इंतजार जरूरी नहीं है। नए निर्देश के बाद पहली बार 12 और 13 मई को प्रदेश कार्यसमिति हुई थी। अब तीन माह बाद अगस्त में प्रदेश कार्यसमिति होनी है। इसे लेकर तैयारी चल रही है, लेकिन इस बीच भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव का एक्सीडेंट होने के कारण वे दिल्ली के अस्पताल में भर्ती हैं। उनसे चर्चा के बाद तय होगा कि इस माह के अंत में कार्यसमिति होगी या फिर अगले माह की जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने अब हर माह पांच स्तर पर बैठक करने के भी निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के बाद हर माह भाजपा की लगातार बैठकें हो रही हैं। इन बैठकों का मकसद मिशन 2028 का विधानसभा चुनाव है। भाजपा का हमेशा से ही बूथों पर बड़ा फोकस रहता है। बूथों को मजबूत करके भाजपा चुनाव जीतने का काम करती है। पिछले चुनाव में भी बूथों की पूरी कुंडली तैयार करके कमजोर बूथों पर फोकस किया गया और भाजपा एक बार फिर से सत्ता में वापस आई। अब एसआईआर के बाद प्रदेश में करीब 25 हजार बूथों के स्थान पर करीब 28 हजार बूथ हो गए हैं तो भाजपा का उन तीन हजार नए बूथों पर भी बड़ा फोकस है। अब हर माह भाजपा का बैठकों का दौर चल रहा है। इसमें बूथों को लेकर खास मंथन किया जा रहा है।

प्रदेशाध्यक्ष से होगी चर्चा

प्रदेश कार्यसमिति इस माह होनी है। इसको लेकर अभी परेशानी यह है कि प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली के अस्पताल में भर्ती है। प्रदेश के महामंत्री जल्द ही दिल्ली में जाकर उनसे मुलाकात करने वाले हैं। इस मुलाकात में जहां उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली जाएगी वहीं उनके साथ कार्यसमिति को लेकर भी चर्चा होगी। अध्यक्ष की अगले माह दिल्ली से वापस होगी। ऐसे में अगर अध्यक्ष ने इस माह बैठक करने की मंजूरी दी तो इस माह बैठक हो सकती है। इसमें अध्यक्ष ऑनलाइन जुड़ सकते हैं। ऐसा नहीं किया गया तो अध्यक्ष के अगले माह लौटने के बाद कार्यसमिति होगी।

भाजपा विरोधियों की छवि खराब करने जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही

ईडी-सीबीआई का दुरुपयोग, कांग्रेस ने दूसरे दिन विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकार द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों ईडी और सीबीआई के लगातार दुरुपयोग के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन किया गया। गुरुवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक राजीव गांधी चौक के पास कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना देकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यह विरोध प्रदर्शन शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में किया गया। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकार अपने राजनीतिक विरोधियों को डराने और दबाव में लेने के लिए ईडी, सीबीआई एवं ईओडब्ल्यू जैसी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

राजनीतिक हथियार बनी जांच एजेंसियां : मेनन

श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, आए दिन ईडी, सीबीआई और ईओडब्ल्यू की कार्रवाई के माध्यम से विपक्षी नेताओं एवं राजनीतिक विरोधियों की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। जांच एजेंसियों का इस्तेमाल निष्पक्ष जांच के बजाय राजनीतिक हथियार के रूप में किया जाना लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार की इस तानाशाही और दमनकारी नीति के कारण देश में भय एवं दहशत का माहौल बनाया जा रहा है।

ये थे मौजूद

प्रदर्शन मे श्रीकुमार शंकर मेनन, प्रमोद दुबे, कुलदीप जुनेजा, सुशील सन्नी अग्रवाल, शिव सिंह ठाकुर, सुबोध हरितवाल, कन्हैया अग्रवाल, सुशांत डे, जसवीर ढिल्लन, दिनेश ठाकुर, धनंजय सिंह ठाकुर, शिव श्याम शुक्ला, प्रशांत ठेंगडी,विनोद तिवारी, मो.असलम, जयवर्धन बिस्सा, प्रवीण चंद्राकर, दीपक चौबे, राज देवांगन, ओम श्रीवास, सुजीत सिंह, मिलिंद गौतम, गौरीशंकर पांडे, कमल धृतलहरे ,सुरेश जैन, देव कुमार साहू, किशन बाजारी, सुरेश धीवर, सौरभ तिवारी, सत्तू सिंह, नंदू सिंन्हा, सतीश साहू, नरेश गढेपाल, नवीन चंद्राकर, बाकर अब्बास, पवन प्रधान, मुन्ना मिश्रा, प्रीति सोनी, ईश्वर चक्रधारी, महेंद्र सेन, वेंकट कुमार, जीवन सागर, रोहित साहू, हेमु डेकाडे, राजू दुबे, सुरेश बुधवानी, सागर टांडी, मकरंद टांडी, सुरेंद्र चौधरी, शहनाज बेगम, प्रतीक तिवारी, पूनम पांडे, अपराजित तिवारी, अर्जुन सिंह, अभिषेक शर्मा उपस्थित थे।

लक्ष्मी वर्मा बोलीं- भूपेश लगातार खो रहे हैं भाषा की गरिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी की राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा है कि हर मोर्चे पर असफल पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार विचलित चल रहे हैं। यही कारण है कि अपनी भाषा की गरिमा बघेल लगातार खोते जा रहे हैं, और जो कह रहे हैं, वह उनकी भाषा की गरिमा व उनके संस्कार को दिखाता है।

कांग्रेस की राजनीति में अलग-थलग पड़े बघेल केवल अपने को स्थापित करने की कवायद कर रहे हैं और अलग-अलग खेमों में बंटी कांग्रेस का उन्हें समर्थन भी नहीं मिल रहा है, जिसके कारण बघेल अपना मानसिक संतुलन खो बैठते हैं। श्रीमती वर्मा ने कहा, भ्रष्टाचारियों के मसीहा के रूप में भूपेश बघेल अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। यही कारण है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए जिस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे है, उसमें उनकी खीझ दिखती है। छत्तीसगढ़ में पूरी तरह से नकारे जाने के बाद अब पंजाब में भी कांग्रेस नेताओं ने उनका साथ छोड़ दिया है। पंजाब में तो भूपेश वापस जाओ के पोस्टर से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बघेल का स्वागत किया। श्रीमती वर्मा ने कहा, उनके सपने मुंगेरीलाल के हसीन सपने हैं, जो कभी पूरी नहीं होंगे। राज्य में कांग्रेस की कभी वापसी हो नहीं सकती क्योंकि कांग्रेस शासनकाल में भ्रष्टाचार का काला युग पूरे प्रदेश ने देखा है और अब उसकी पुनरावृत्ति नहीं होगी। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का विकास हो रहा है, उससे पूरी कांग्रेस पार्टी और उसके नेता बेचैन हो गए हैं।